दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 71 जयपुर | सोमवार, 13 जनवरी, 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹3.50 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# धर्म का महापर्व महाकुंभ आज से
## 45 दिन हर रोज लाखों मंत्र जाप और आहुतियां

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट सोमवार से 45 दिन के लिए सनातन का सबसे बड़ा 'शक्ति-केंद्र' बनने जा रहा है। जैसे गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती की धाराएं हजारों किमी की यात्रा करके प्रयाग में मिलती हैं। वैसे ही सनातन आस्था के प्रतीक- चारों शंकराचार्य, शैव-वैष्णव, उदासीन सहित सभी अखाड़ों के महामंडलेश्वर, सभी परंपराओं के जगद् गुरु, सिद्ध योगी और संत-महंत पौष पूर्णिमा (13 जनवरी) से महाशिवरात्रि (26 फरवरी) तक संगम किनारे विराजमान होंगे। चारों धाम, सात पुरियों सहित सभी प्रमुख तीर्थों के प्रतिनिधि और उत्सव मूर्तियां, प्राचीन व आधुनिक मत-संप्रदायों की विभूतियां एक स्थान पर दर्शन देंगी। इनका कठिन तप, लाखों मंत्र पाठ, जप-कीर्तन और यज्ञ आहुतियां त्रिवेणी तट को सनातन का शक्ति-केंद्र बनाएंगी।

### प्रयाग में खुद ब्रह्मा जी ने यज्ञ करके सृष्टि का सृजन किया

प्रयाग वही दिव्य स्थान है जहां खुद ब्रह्मा जी ने यज्ञ करके सृष्टि का सृजन किया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश से बनने वाले सुयोग में अमृत-आचमन की आकांक्षा लिए देश-दुनिया के करोड़ों तीर्थयात्री प्रयागराज आते हैं। अमृत लाभ का यह संकल्प इस महापर्व को सनातन ही नहीं, दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बनाता है। प्रयागराज, भारतीय संस्कृति, सनातन के अद्वितीय सिद्धांतों और शक्तियों का केंद्र है। यहां नदियों के साथ ही ईश्वर साधना का अद्वितीय संगम है, जो मानवता को एकता, शांति और भाईचारे का संदेश देता है।

**एक माह कल्पवास:** 3 बार स्नान, एक बार भोजन, शयन जमीन पर हजारों लोग माघ में संगम किनारे कल्पवास करते हैं। कल्पवास- 'कल्प' यानी निश्चित समय और 'वास' निवास। पद्म पुराण में इसके लिए 21 नियम हैं।



### मोबाइल ऐप से मिलेगा उपचार

महाकुंभ में स्थित अस्थाई उप चिकित्सालय में मोबाइल ऐप के जरिए मरीजों का इलाज हो रहा है. अस्पताल के नोडल अफसर डॉक्टर सुयश सिंह ने बताया कि यहां आने वाले सभी मरीजों का पूरा ब्यौरा ऐप में फीड किया जाता है जिसके जरिए हम हर एक व्यक्ति का पूरा लेखा-जोखा अपने पास रख पाएंगे. किस व्यक्ति को कौन-कौन सी बीमारियां हैं सारी जानकारी इस ऐप के जरिए मिल सकेंगी. ताकि भविष्य में भी इसका इस्तेमाल मरीजों की सुविधा के लिए किया जा सके.

### 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान

यूपी सरकार ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के लिए 'महाकुम्भ क्षेत्र' को 76वां अस्थायी जिला बनाया है। 40 वर्ग किमी में फैले मेला क्षेत्र में 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान है। केंद्र और यूपी सरकार ने इसके लिए 6,382 करोड़ रु. का बजट रखा है। इलाहाबाद का नाम प्रयागराज होने के बाद पहले कुम्भ में जिले के बाहरी हिस्से से संगम तक सात लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है। मेले में 56 थाने, 60 फायर स्टेशन और तीन महिला थाने बनाए गए हैं। 37 हजार पुलिसकर्मी, 14 हजार होमगार्ड सहित 50 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। एनएसजी सहित केंद्रीय एजेंसियां भी तैनात हैं। 2700 सीसीटीवी कैमरा और 340 एआई से लैस कैमरे 24 घंटे मेले की निगरानी करेंगे।

- सुरक्षित स्नान के लिए 25 हाईटेक जेट स्की जल पुलिस को दी गई हैं।
- 30 अस्थायी पांटून पुल, 2.69 लाख चकर्ड प्लेट से 650 किमी सड़क बनी है।
- 200 बेड का अस्पताल, 5 लाख लोगों की आंख की जांच होगी।
- 9 पक्के, 12 किमी में 50 अस्थायी घाट।
- 102 पार्किंग हैं जिनमें 5 लाख वाहन खड़े हो सकेंगे। भुगतान फास्टैग से होगा।
- मेला प्रशासन ने बताया कि शनिवार को 25 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में छोटे बच्चों की स्कूल छुट्टी

**तेज सर्दी को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए आदेश**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 13 जनवरी को स्कूलों में छुट्टी घोषित की है। ये छुट्टी कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों की रहेगी। लगातार तीन दिन छुट्टी होने से बच्चे पूरी तरह पतंगबाजी का मजा ले सकेंगे।

दरअसल, जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने 13 जनवरी को शीतलहर और कोहरे का अलर्ट देखते हुए छुट्टी घोषित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने आदेश जारी करते हुए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की सभी स्कूल (सरकारी और प्राइवेट) में छुट्टी रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, 14 जनवरी को भी मकर संक्रांति को जिला कलेक्टर की तरफ से सभी के लिए छुट्टी है।

**असम खदान रेस्क्यू 7वां दिन**

### 5 मजदूर अब भी फंसे : कल तक 4 मजदूरों के शव मिले; खदान में पानी का लेवल 15 मीटर घटा

दीमा हसाओ।

असम के दीमा हसाओ जिले में 300 फीट गहरी कोयला खदान में मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन का रविवार को 7वां दिन था। अब तक 4 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं। 5 मजदूर अब भी खदान के अंदर बने रैट होल्स में फंसे हैं। जिन मजदूरों के शव निकाले गए हैं उनमें 8 जनवरी को नेपाल के गंगा बहादुर श्रेष्ठ का और 11 जनवरी को उमरांगसो के लिजेन मगर, कोकराझार के खुशी मोहन राय और सोनितपुर के सरत गोयारी शामिल हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन इंडियन आर्मी और एनडीआरएफ मिलकर चला रही है। इस बीच असम के विशेष डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया हादसे वाले दिन खदान में वाटर लेवल 30 मीटर था, अब यह 15 मीटर से भी कम हो गया है।

**बढ़ता TOON!**




### केरल में दलित एथलीट का यौन शोषण- 9 एफआईआर दर्ज

**5 साल में 62 लोगों ने रेप किया; 14 आरोपी ज्यूडिशियल रिमांड पर, इनमें मंगेतर भी**

बढ़ता राजस्थान

**पाथनमिट्टा।** केरल के पाथनमिट्टा में में एक दलित लड़की के यौन शोषण से जुड़े केस में 14 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इन सभी को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है। इनमें लड़की का मंगेतर भी शामिल है। केस में 2 पुलिस थानों में 9 एफआईआर दर्ज की गई हैं। मामले का पता तब चला एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने लड़की के व्यवहार में बदलाव देखा। फिर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को इसकी सूचना दी। लड़की ने काउंसलर को बताया कि पिछले 5 साल में 62 लोगों ने उससे रेप किया। लड़की का आरोप है कि पहली बार 13 की उम्र में उसके साथ रेप हुआ था। जब उसके दोस्त ने पहली बार शोषण किया। अब वह 18 साल की हो चुकी है। उसके माता-पिता को भी इस बारे में पता नहीं था। लड़की के बताए आरोपियों में से 40 लोगों पर पोस्को के तहत केस दर्ज किया गया है। इनमें कोच, साथी एथलीट, क्लासमेट और घर के आसपास रहने वाले कुछ लड़के भी हैं।

## तमिलनाडु गवर्नर ने सीएम से कहा- अहंकार ठीक नहीं

### स्टालिन ने कहा था- गवर्नर का विधानसभा से अभिभाषण दिए बिना जाना बचकाना

बढ़ता राजस्थान



**चैन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु विधानसभा सत्र के दौरान राष्ट्रगान गाने को लेकर गवर्नर आरएन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बीच जुबानी जंग जारी है। सीएम स्टालिन ने 6 दिसंबर को गवर्नर के अभिभाषण दिए बिना विधानसभा चले जाने को बचकाना बताया था। इस पर गवर्नर ने रविवार को कहा- सीएम स्टालिन का अहंकार ठीक नहीं है।

गवर्नर आर एन रवि ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा, स्टालिन का दावा है कि राष्ट्रगान के प्रति उचित सम्मान और संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों को निभाने पर जोर देना बेतुका और बचकाना है। वे भारत को एक राष्ट्र नहीं मानते और उसके संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। ऐसा अहंकार ठीक नहीं है। लोग देश और संविधान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

इससे पहले डीएमके प्रमुख और सीएम स्टालिन ने अपने बयान पर 10 जनवरी को सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि, राज्यपाल विधानसभा में आते हैं, लेकिन सदन को संबोधित किए बिना लौट जाते हैं। इस वजह से उन्होंने गवर्नर की हरकतों को बचकाना कहा था।

## 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाकर रहेंगे, इसी संकल्प के साथ हमें जीना है, हमें खुद को खपा देना है : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी देश को आगे बढ़ने के लिए बड़े लक्ष्य तय करने ही होते हैं और आज भारत यही कर रहा है। भारत की युवा शक्ति के सपने बहुत बड़े हैं और उनको साकार करने की दिशा में सरकार भी उनके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि मेरा विश्वास कहता है कि भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। स्वामी विवेकानंद को देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था, वे कहते थे देश के युवा हर समस्या का समाधान निकालेंगे। पीएम मोदी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाकर रहेंगे, इसी संकल्प के साथ हमें जीना है, हमें खुद को खपा देना है। बड़े- बड़े लक्ष्य तय करके उनको हासिल करने के लिए रात- दिन एक कर देना है। भारत ने 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य तय कर रखा है और हम उससे पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

### युवाओं का परम मित्र

पीएम ने कहा कि समय का चक्र देखिए, इसी भारत मंडपम में दुनिया के दिग्गज जुटे थे, वे दुनिया के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे। मेरा सौभाग्य है कि उसी भारत मंडपम में देश के नौजवान भारत के अगले 25 साल के रोडमैप को तैयार कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि एक खिलाड़ी ने उनसे कहा था कि मोदी जी दुनिया के लिए आप भले ही पीएम होंगे, लेकिन हमारे लिए तो पीएम का मतलब है परम मित्र। मेरे लिए मेरा देश के युवाओं के साथ मित्रता का वही नाता है, वही रिश्ता है। मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी विश्वास होती है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आधार भी यही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के युवा एसी के बंद कमरों में बैठकर नहीं सोच रहे, उनकी सोच का विस्तार आसमान से भी ऊंचा है। इस कार्यक्रम से मंथन के बाद जो सुझाव, युवा के आइडिया सामने आए हैं, उसे देश की नीतियों का हिस्सा बनाया जाएगा।



### कोई शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती

पीएम ने कहा कि यदि 'विकसित भारत' का विचार हमारे हर फैसले , कदम और नीति का मार्गदर्शन करे तो कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती। भारतीय अर्थव्यवस्था अगले दशक के अंत तक 10,000 अरब डॉलर के मील के पत्थर को पार करेगी। हमारे सामने बहुत बड़ा लक्ष्य अगले दशक में ओलंपिक के आयोजन का भी है। इसके लिए देश जी-जान से जुड़ा है।

## विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य हो : राज्यपाल बागड़े



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि वहीं शिक्षा सार्थक है जो विद्यार्थी की शारीरिक, बौद्धिक तथा भावात्मक शक्तियों का विकास करे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाने की बजाय रोजगार देने वाले राष्ट्र निर्माता बनाए। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द को स्मरण करते हुए उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया। बागडे रविवार को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में डिग्रियां और पदक प्रदान किए और नई शिक्षा नीति के आलोक में विश्वविद्यालयों को ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का निर्माण करने पर जोर दिया जिनसे विद्यार्थी अध्ययन के समय ही अपनी रूचि के व्यावसायिक कौशल में दक्ष हो सके। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को सदैव मनुष्य निर्माण और मनुष्य के चरित्र निर्माण का माध्यम माना। उनका विश्वास था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में अच्छे संस्कार और चरित्र निर्माण के लिए कार्य किए जाने पर जोर दिया। आरंभ में विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डा. ललित के पंवार और वाइस चेयरपर्सन डा. के. आर बगड़िया ने विश्वविद्यालय के अंतर्गत किए जा रहे शैक्षिक कार्यों और नई शिक्षा नीति के अंतर्गत नवाचारों के बारे में जानकारी दी।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# युवाओं के सपने साकार कर रही राज्य सरकार : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में राज्य में 13 हजार से अधिक युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट
- 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत के 76 हजार से अधिक कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (सुरेश लाटा)।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में रविवार को राज्य के 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने इस दौरान नवनियुक्त कर्मयोगियों से संवाद किया और उन्हें बधाई, शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लगभग 31 हजार करोड़ रुपए लागत के 76 हजार से अधिक कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस दौरान चूरू जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोइन्का टाऊन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अतिथियों ने नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्त पत्र तथा वेलकम किट प्रदान किए। मुख्यमंत्री शर्मा ने जिले के 13 कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण तथा 105 कार्यों का शिलान्यास किया। जिले के 244 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्प के मुताबिक युवाओं को नौकरी देकर उनके सपने साकार कर रही है। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। वर्षभर की भर्तियों का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए कृत-संकल्प है। इस संकल्प के साथ हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य किए जा रहे हैं। बजट घोषणाओं का समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी घोषणा के अनुसार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मुहैया करवाए हैं। उन्होंने चूरू में बजट घोषणा अंतर्गत हो रहे विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पहले ही बजट में चूरू के लिए जो घोषणाएं कीं, उनके क्रियान्वयन से जिला विकास की रफ्तार पकड़ रहा है। कृषि महाविद्यालय के लिए 110 बीघा भूमि आवंटित की गई है। आरओबी, आयूबी, जीएसएस, रिंग रोड़ सहित समस्त कार्य होने से चूरू विकास की ओर उन्मुख होगा। चूरू प्रधान दीपचंद राहड़ ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और चूरू जिले में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग को मजबूत करने का काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि बसंत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिले में नवनियुक्त टीआरए, सीएचओ, जूनियर अकाउंटेंट, अध्यापक आदि को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।



## यूथ फेयर में जिला कलक्टर सुराणा ने विद्यार्थियों को दिया कैरियर सम्बंधी मार्गदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश लाटा)।** रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में यूथ फेयर 2025 का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा, सचिव आनंद बालाण, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़, जगदीश प्रसाद जांगिड़, प्रधानाचार्य (हिन्दी माध्यम), विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा, रचना कोठारी, प्रभुसिंह गौड़, रवींद्र सिंह शेखावत एवं लेखाकार सुरेश शर्मा ने विद्या की देवी माँ सरस्वती, भगवान गणेश एवं स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। संगीत अध्यापक इंतजार अली के सान्निध्य में छात्राओं ने वाद्ययंत्रों की संगीतमय ध्वनि में गणेश वंदना रणत भंवर सूं आविया ओ बाबा की प्रस्तुति देकर भगवान गणेश को रिझाया।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने छात्र-छात्राओं से उनके द्वारा तैयार मॉडलों के संबंध में सूचना प्राप्त की तथा उनसे प्रश्न भी पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन संबंधी प्रेरणा देते हुए कृषि एवं स्व-रोजगार हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों को न केवल अपने कौशल एवं प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है बल्कि अपने क्षेत्र, संस्कृति एवं जीवन से जुड़े अन्य पहलुओं को भी जानने का अवसर मिलता है। सचिव आनंद बालाण ने विद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं को बताते हुए संचालक ट्रस्ट एवं इसके न्यासियों को उनके भौतिक एवं वित्तीय सहयोग के लिए साधुवाद दिया। प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करवाता है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा एवं प्रवीणता दर्शाने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यालय संचालक ट्रस्ट एवं उसके सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि आज उन्हीं के प्रयासों एवं सहयोग से यह संभव हो सका है कि चूरू जैसे छोटे से शहर में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने के साथ-साथ विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिभा निखार के अवसर दिए जाते हैं। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद धुआं, घनश्याम शर्मा, विजय शर्मा, महेश शर्मा, मनीष शर्मा, सुनील चोटिया, नवनीत शर्मा, नरेन्द्र सिंह, भवानी सिंह, मुदित शर्मा, लीलाधर कत्थक, कल्पना जांगिड़, कविता प्रजापत, सुमन प्रजापत, वंदना शर्मा, नमीता बुडानिया, चंद्रप्रभा शर्मा, नीलम शर्मा, नूतन शर्मा, विजय राठौड़, मिनाक्षी टाक, माया कंवर, चंदा राहड़ एवं समस्त कार्मिकों ने व्यवस्था एवं प्रबंधन में योगदान दिया, वहीं सैंकड़ों की संख्या में छात्र एवं अभिभावकों ने भाग लिया।

## आबकारी विभाग की मनमानी...शराब ठेका खोलने को जिस दुकान की लोकेशन पूर्व में निरस्त की, अब उसी के बगल में कंटेनर में खोलने की अनुमति दी,

### लोग बोले-मिलीभगत से अनुचित लाभ के लिए कंटेनर में खुलवा रहे शराब दुकान, पूर्व में विवाद के चलते डीओ हो चुके एपीओ

बढ़ता राजस्थान




**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** शराब ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए आबकारी विभाग की कारस्तानी सामने आई है। बयाना कस्बे में आबकारी विभाग ने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन ऐतिहासिक स्मारक जहांगीर गेट और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व गांधी विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास होने के कारण जिस स्थान पर शराब दुकान की लोकेशन पूर्व में रिजेक्ट कर दी थी। अब उसी स्थान के ठीक बगल में कन्टेनरनुमा दुकान में शराब दुकान खोलने की स्वीकृति दे दी है। इससे विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत की संभावना है। लोगों का कहना है कि मिली भगत के चलते शराब ठेकेदार को अनुचित फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को दरकिनार करते हुए बीच की गली निकाल दी है। विभाग के अधिकारियों ने शराब ठेकेदार को उसी दुकान के ठीक पास में ही कंटेनर रखकर ठेका खोलने की स्वीकृति दे दी है। विभाग की सहमति मिलने के बाद ठेकेदार ने मौके पर कंटेनर रखकर शराब दुकान भी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग ने वार्ड नंबर 1 से 10 के लिए पंचायत समिति तिराहा के नाम से दुकान प्रस्तावित की थी। लेकिन इस दुकान को पंचायत समिति के बजाय कचहरी रोड पर पुरातत्व विभाग के अधीन जहांगीर गेट के पास दुकानों में खोलने के लिए ठेकेदार ने विभाग से अनुमति मांगी। इसका व्यापार महासंघ ने जिला कलेक्टर, एसडीएम, मुख्यमंत्री जन सुनवाई केंद्र को ज्ञापन देकर विरोध किया था। जिसमें बताया था कि उक्त दुकान ऐतिहासिक स्मारक और सरकारी व निजी स्कूलों के पास में है। इस दुकान को लेकर हाईकोर्ट में भी रिट पिटीशन दायर की गई थी। लोगों के विरोध, गांधी स्कूल से मात्र 140 मीटर की दूरी और हाईकोर्ट में दायर रिट पिटीशन को देखते हुए आबकारी विभाग ने उक्त दुकान की लोकेशन रिजेक्ट कर दी थी। लेकिन अब करीब 5 महीने से चल रहे विवाद के बीच आबकारी विभाग ने उसी दुकान के बिल्कुल बगल में कंटेनर में दुकान खोलने की अनुमति जारी कर दी है। इससे आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। लोगों में इसके खिलाफ रोष है।

## ऐश्वर्या कॉलेज ने दिया मेरीटॉरीयस अवॉर्ड



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ऐश्वर्या कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर ऐश्वर्या मेरीटॉरीयस अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व डीन प्रो.डॉ महीप भटनागर एवं अतिथि के रूप में नीमच माता स्कूल की सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ.निर्मला शर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के 50 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो डॉ महीप भटनागर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और लगातार प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। डॉ निर्मला शर्मा ने छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को बदलने की क्षमता रखती है।

उन्होंने छात्रों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और समाज के प्रति योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन दिक्षा सुथार एवं चिराग त्रिवेदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन ईशा चौहान द्वारा दिया गया। ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ रितु पालीवाल ने कहा कि आज के युवाओं के हाथों में देश का भविष्य है। यह पुरस्कार समारोह युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। छात्रा रोश्नी चुंडावत ने राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

समारोह में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, द स्टडी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, नोबल इंटरनेशनल स्कूल, शहीद अनिल नागौरी स्कूल, महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय पूला, कस्तुरबा उच्च माध्यमिक विद्यालय ने भाग लिया।

## स्कूल में दी विविध सामग्री, बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आयी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मातुश्री महिला क्लब ने आज मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष में सोभागपुरा स्थित सीनियर सैकण्डरी स्कूल व आंगनवाड़ी स्कूल में बच्चों के बैठने के लिये विविध सामग्री प्रदान की। इसको देखकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गयी। क्लब की आशा कोठारी ने बताया कि क्लब ने बच्चों के बैठने के लिये दो कालीन,कुर्सियां व उनके खाने-पीने की सामग्री व विद्यालय में कार्य करने वाली महिलाओं को साड़ियां उपलब्ध करायी। इस अवसर क्लब संरक्षिका कौशल्या गट्टानी,क्लब अध्यक्षा आभा झंवर सहित अनेक सदस्याएं मौजूद थी।

## श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर वैर में हुए धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर (गोपाल पाठक)।** सीताराम जी के मंदिर पर रामलला प्रांण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर फूल बंगला झांकी एवं पौष बड़ा प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्याओं में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर को फूलों से सजाया गया व विभिन्न प्रकार की रोशनी की गई। पुजारी शिव शंकर ने बताया कि मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया एवं श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन करते हुए पौष बड़ा प्रसादी ग्रहण की । इसके अलावा बाबा मनोहर दास मंदिर पर रविंद्र जैन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भगवान श्री राम के भजनों की शानदार प्रस्तुति गायक कलाकारों ने दी। श्रद्धालुओं ने कड़ाके की ठंड में भी मौजूद रहकर भजनों का देर रात्रि तक आनंद लिया। सफेद महल पर अन्नकूट का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कई मंदिरों में श्री राम के संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी की रूपवास कार्यकारिणी का हुआ गठन



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास के चिल्ड्रन एकेडमी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी का भरतपुर जिला अध्यक्ष तेजवीर , सभा अध्यक्ष राकेश कुमार , महासचिव कमल सिंह , संयुक्त मंत्री रामवीर , कार्यकारिणी सदस्य रघुराज सिंह , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशीष कुमार के उपस्थिति एवं निर्देशन में रूपवास तहसील में होने वाले प्रथम स्नेह मिलन समारोह तैयारी की रूपरेखा बनाने तथा आयोजन के लिए रूपवास कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक भगवान सिंह चाहर, रघुवीर सिंह छोकर , रघुवीर सिंह डागुर,सभा अध्यक्ष कमल सिंह तंवर, तहसील अध्यक्ष मनीष चौधरी , उपाध्यक्ष डॉ ललित इंदोलिया , रिंकू चौधरी , चंद्रभान खेनवार , श्री राम चौधरी , सचिव् रणवीर सिंह,संगठन महासचिव प्रवेंद्र डागुर,संगठन महामंत्री सत्यवीर सिंह डागुर,कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,संयुक्त मंत्री गिरधर सिंह,महिला मंत्री अर्चना चौधरी , महिला उप मंत्री नीरज चौधरी,प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी शशेंद्र खेनवार,एवं कार्यकारिणी सदस्य सोनू चौधरी,प्रदीप चौधरी,लोकेंद्र चौधरी , राजकुमार सिंह,कुलदीप सिंह को चुना गया ! तथा तहसील अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं उपाध्यक्ष डॉ ललित इंदौलिया ने संस्था के कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि हमें समाज को मिलकर समाज को कुरीतियां से मुक्त बनाते हुए शिक्षा से जोड़ना है !तथा समाज के लिए सकारात्मक कार्यों के लिए समर्पित रहना है ताकि एक स्वस्थ समाज का विकास हो ,जो देश हित में अनवरत कार्य करता रहे, कार्यक्रम के अंत अधिवक्ता राकेश भातरा , एवं देवेंद्र चाहर द्वारा जलपान का आयोजन किया गया ! एवं तहसील अध्यक्ष मनीष चौधरी ने समाज के पधारे हुए सैकड़ो गणमान्यों का आभार व्यक्त किया।

## बयाना के श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में मनाई विवेकानंद जयन्ती कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता की गई, विजेता छात्राओं को पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. बरखा तोमर ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस का विषय राष्ट्र निर्माण के लिए युवा सशक्तिकरण है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में ममता ग्रुप ने प्रथम और शिवानी ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम स्थान पर रहीं। विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी जयंती समारोह मनाया गया। स्कूल प्रबंधक प्रेमशंकर तिवारी और प्रिंसिपल रमेशचंद शर्मा ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोकगीत, देशभक्ति गीत और भजनों की प्रस्तुतियां दीं। नृत्य प्रतियोगिता में वीनेश कुमारी प्रथम, भारती गहलोत और यामिनी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संकाय सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। दोनों संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया गया।

## लायन्स क्लब अरावली द्वारा मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा शिविर आयोजित, 245 जनों ने लिया परामर्श

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** लायन्स क्लब उदयपुर अरावली, अरावली लायन्स ट्रस्ट एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में बेदला स्थित ष्अपना घर आश्रमष् अरावली नेत्र चिकित्सालय में मल्टी स्पेशियलिटी निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमे 245 मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। क्लब अध्यक्ष लायन भूपेन्द्र नागौरी ने बताया कि आंखों के मोतियाबिंद, नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच निःशुल्क करायी गई। इसके साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ दी गई। शिविर में ऑपरेशन के लिये चयनित मरीजों को पेसिफिक मेडिकल हॉस्पीटल में स्थानान्तरित किया गया। जहां पर शिविर में आए मरीज को उनकी बिमारी के अनुसार निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई। शिविर संयोजक लायन डॉ किरण जैन ने बताया कि ब्लड प्रेशर जांच, डायबिटीज जांच, कमर दर्द, घुटने का दर्द आदि बीमारियों की जांच की गई और समय-समय इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।



शिविर में सचिव लायन पूर्णिमा नागौरी,शिविर प्रभारी लायन बंशीलाल कुम्हार, ट्रस्ट चयेरमैन लायन आर. पी. गुप्ता, क्लब कोषाध्यक्ष लायन मुकेश जानी,ट्रस्ट सचिव लायन श्याम सिरोया, ट्रस्ट टेजरार लायन रुपलाल जैन, लायन दीपक बोर्दिया लायन रमेश जैन, लायन शैलेश जैन, लायन बी एल पालीवाल, लायन दिनेश कोठारी, लायन गोपाल अग्रवाल, लायन सुनील छाजेड़, लायन अरुण डूंगरवाल लायन ममता छाजेड़ सहित अनेक क्लब सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/भरतपुर(राजेश कटारा)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम शर्मा के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यारोपण कर जयंती मनाई। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम शर्मा व भाजयुमो उपाध्यक्ष बंटी अम्बेश ने स्वामी विवेकानंद के बारे में जन्म व उनकी उपलब्धियां बताई। इस मौके पर शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम शर्मा, उपाध्यक्ष बंटी अम्बेश, किसान मोर्चा अध्यक्ष योगेश चौधरी, राजेश जादौन, महामंत्री सुरेश राजावत, संतोष समित निम्न भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसएमएस स्टेडियम में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का समापन समारोह

# विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में युवा शक्ति की सबसे बड़ी भूमिका युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत है। उनके उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के संदेश को युवा आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी भीतर की शक्ति और क्षमता को पहचाने और अपने सपनों को पूरा करते हुए सफलता की नई उंचाईयों को छूएं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण रूप प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा रविवार को एसएमएस स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा प्रतिभाओं को महोत्सव में पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आसमान में एक लम्बी उड़ान भरे। प्रदेश का हर युवा विकसित राजस्?थान की दिशा में पूरी क्षमता के साथ काम करे और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करे।

**युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार चार जातियों-युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम 5 साल में 4 लाख सरकारी भर्ती और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

**व्यावसायिक और उद्योग आधारित शिक्षा को किया प्रोत्साहित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु कई महत्वपूर्ण पहल की है। राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नई शाखाओं की शुरुआत भी की गई है, ताकि हमारे विद्यार्थियों को व्यावसायिक और उद्योग आधारित शिक्षा मिल सके। अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सेलरेटर और एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी के तहत हमने युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 144 कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित कर करीब 30 हजार युवाओं का चयन और करीब 10 हजार युवाओं को करियर के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।





### हमारे युवाओं की प्रतिभा विश्वभर में विख्यात

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे समाज के सबसे बड़े स्तंभ हैं। हमारे युवा जिस देश और प्रदेश में गए हैं, उन्होंने मेहनत कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। आज विश्वभर में प्रवासी राजस्थानियों को अपनी हुनर और प्रतिभा से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कई देशों को प्रदेश में भाषाई संस्थान खोलने के लिए आमंत्रित किया है ताकि हमारी युवा प्रतिभाएं विदेशी भाषाओं में पारंगत होकर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त कर सके। हम युवाओं की शैक्षणिक योग्यता के साथ ही, कौशलपरक योग्यता तथा अभिरूचि के संबंध में पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण भी करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत किए गए एमओयू के माध्यम से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा।

### स्टार्टअप्स लॉन्चपैड से युवा बने सक्षम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप लॉन्चपैड भी स्थापित किए हैं, जिससे युवाओं को नए स्टार्टअप शुरू करने और अपनी नवाचार क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है। साथ ही एक साल में 900 से ज्यादा स्टार्टअप्स भी पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों में 30 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित करने के साथ लघु, सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के बच्चों के लिए शुल्क माफ कर हम समावेशी विकास की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं।

**ग्राम पंचायत पर खेल मैदान हमारी प्रमुख प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य सरकार जयपुर, भरतपुर और उदयपुर में आवासीय बालिका खेल संस्थान स्थापित करेंगी। साथ ही, एक जिला-एक खेल योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में प्रचलित खेलों की अकादमी भी स्थापित की जा रही है। हम ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदान के निर्माण पर प्राथमिकता से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि कोच और खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए शीघ्र ही महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जाएगी। खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। राज्य सरकार ने युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई कदम उठाए हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का पहले ही साल में आयोजन किया गया ताकि हमारे युवाओं

### मुख्यमंत्री ने 11 युवाओं को यूथ आइकॉन से किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जयपुर के प्रिंस तिवारी, तनु प्रजापत, धर्मा जाट, प्रिया राठौड़, यश गर्ग, अलवर के जयदीप पांचाल, झुंझुनूं की पूजा शर्मा एवं वंशिका शर्मा, नागौर के नितेश कुमार शर्मा, अजमेर की गौरी माहेश्वरी और भीलवाड़ा के युधिष्ठिर मीणा को यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार में 1 लाख रूपये की धनराशि, प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उल्लेखनीय है कि बजट में राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज पर राज्य युवा महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर पर भव्य युवा महोत्सवों के आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव खेल एवं युवा मामलात् श्री भवानी सिंह देथा, शासन सचिव युवा मामले एवं खेल श्री नीरज के. पवन सहित संबंधित अधिकारी-कार्मिक तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# ग्लोबल वीपीएल का फाइनल : वॉल सिटी XI की शानदार जीत





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग (वीपीएल) के फाइनल में वॉल सिटी XI ने मेवाड़ रॉयल्स को 6 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। यह मुकाबला 12 जनवरी को सम्पन्न हुआ। वॉल सिटी XI ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो उनके लिए काफी सफल रहा।

**मेवाड़ रॉयल्स की पारी :** पहले बल्लेबाजी करते हुए मेवाड़ रॉयल्स की टीम 15 ओवर में 90 रन पर सिमट गई। आदित्य विजयवर्गिया ने 15 गेंदों में 25 रन (1 चौका, 2 छक्के) बनाए। यश विजयवर्गिया ने 16 गेंदों पर 17 रन का योगदान दिया। वॉल सिटी XI के गेंदबाजों में अंकित विजयवर्गिया और एके विजय ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट झटके।




**लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉल सिटी XI की जीत :** 93 रनों का लक्ष्य वॉल सिटी XI ने 18.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आदित्य ने 41 गेंदों पर नाबाद 41 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाकर टीम को विजयी बनाया।अंकित विजयवर्गिया ने भी 20 रन (2 चौके, 1 छक्का) का अहम योगदान दिया। मेवाड़ रॉयल्स के गेंदबाज यश विजयवर्गिया ने 4 ओवर में मात्र 15 रन देकर 2 विकेट लिए।

**पुरस्कार वितरण :** विजेता टीम को 1,00,000 और उपविजेता टीम को 51,000 का नकद पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट गेंदबाज का खिताब आदित्य विजयवर्गिया को मिला। बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार कार्तिक विजय को दिया गया।

**प्रतियोगिता का समापन**

15 दिसंबर 2024 से 12 जनवरी 2025 तक चली इस प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों की सभी व्यवस्थाएं विजयवर्गीय समाज जयपुर के आर्थिक सहयोग से की गईं। समापन समारोह में बड़ी संख्या में दर्शक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में राजेंद्र चारदीवारी, सीताराम पांचू डाला, डॉ. दिनेश दुब्बी, बनवारी बांदीकुई समेत कई अन्य नाम शामिल थे। ग्लोबल वीपीएल ने युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया।

## जयपुर में भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला-बोल-खाचरियावास बोले- मुख्यमंत्री और मंत्री नहीं कर रहे जनसुनवाई, शहर की हालत खराब



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर में सिविल लाइंस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सम्मेलन में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बेरवा जयपुर से विधायक होने के बावजूद शहर के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। खाचरियावास ने बताया कि सरकार बने एक साल हो गया, लेकिन मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर, उपमुख्यमंत्री के क्षेत्र विद्याधर नगर और दूदू की स्थिति सबसे खराब है। सड़कों पर गड्ढे भरे नहीं गए हैं और पूरे जयपुर में ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार कर रही है और भाजपा नेता भी पुलिस के साथ मिलकर महिलाओं की इज्जत पर हमला कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से सड़क पर उतरने और जनता की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अन्यायपूर्ण बुलडोजर कार्रवाई का भी विरोध करेंगे।

खाचरियावास ने कहा कि भाजपा सरकार के नेता यदि पुलिस की ताकत का सरकार के दम पर गलत इस्तेमाल करेंगे तो कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाओं की सुरक्षा के लिए सामने आकर पुलिस से टकराने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि जेडीए सहित सभी ऑफिसों में आम आदमी के घुसने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब पास बनाना जरूरी कर दिया गया है। सरकार की सरकारी कार्यालय में आम नागरिक के जाने के लिए की गई पास की व्यवस्था पूरी तरह से गैरकानूनी है। इससे कांग्रेस का कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर आंदोलन करेंगे क्योंकि पिछले 1 वर्ष में सरकार के मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों ने अपने दरवाजे बंद कर रखें। मुख्यमंत्री ने तो एक वर्ष में शुरू के तीन दिन जनसुनवाई की थी उसके बाद जनसुनवाई पूरी तरह से बंद कर दी गई है। खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा की बुलडोजर कार्यवाही का सभी जगह विरोध करेंगे क्योंकि बुलडोजर गैर कानूनी तरीके से चलाया जा रहा है। सांगानेर में 2000 हिंदुओं के मकान और दुकान तोड़ दिए एक को भी मुआवजा नहीं दिया गया। शास्त्री नगर में आरपीए के पास भी हिंदुओं को भाजपा ने बुलडोजर से कुचल दिया, भाजपा जो नाटक कर रही है वह चलने वाला नहीं है बिना मुआवजे के किसी भी तरह की तोड़फोड़ कांग्रेस स्वीकार नहीं करेगी।

## युवा महोत्सव के अंतर्गत 'मेगा कल्चरल इवनिंग' कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान यूथ बोर्ड द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के चतुर्थ दिन शनिवार शाम को 'मेगा कल्चरल इवनिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विवेकानंद केंद्र के पूर्णकालिक कार्यकर्ता श्री वैशाली राणा द्वारा किया गया, उन्होंने विवेकानंद जी का गीत और मंत्र उच्चारण करवाया। कार्यक्रम में भवाई नृतका नव्या भटनागर ने सिर पर 22 मटके रखकर प्रस्तुति दी साथ ही इन्होंने परात, कीलें, तलवार और काँच के टुकड़ो पर भी नृत्य कर प्रस्तुति दी। ग्रामीण भवाई नृतक राजीव वर्मा ने भी आठ गिलास और दो सिलेंडर गैस के साथ नृत्य पेश कर दर्शकों का मनोरंजन किया। अभ्युदय फाउंडेशन के नन्हे मांगणियार ने भी लोक गीतों की प्रस्तुति देकर राजस्थानी संस्कृति की ओर दर्शकों को आकर्षित किया। पार्श्व गायक रविंद्र उपाध्याय ने भी गीत संगीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव एवं राजस्थान यूथ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन, राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव श्री राजेन्द्र सिंह, युवा मामले एवं खेल विभाग की उप सचिव श्रीमती अनीता मीणा और राजस्थान यूथ बोर्ड के सदस्य सचिव श्री कैलाश पहाड़िया सहित विशिष्टजन और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# नव दुर्गा शक्तिपीठ में मनाया पौषबड़ा महोत्सव माता की सजी फूल बंगला झांकी हुई भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के पीतल फैक्ट्री बनीपार्क स्थित श्री नव दुर्गा शक्तिपीठ धाम में पौषबड़ा महोत्सव मनाया । शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर सदगुरू जय महाराज के सान्निध्य में मातारानी का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई। माता को सोलह श्रृंगार कर वस्तुये भेंट कर फूल बंगले की आकर्षक झांकी सजाई । भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के पाठ कर हवन में आहुतियां अर्पित की । खंडाका हाउस में मातारानी का फूलों से दरबार सजाकर भजन संध्या हुई । भजन गायकों ने भजनों से माता गुणगान किया । माता को गाजर के हलवे बड़े और गर्म तासीर वाली व्यंजनों का भोग लगाया । संत महंतों के सानिध्य में माता की महाआरती हुई हजारों



भक्तों ने पंगत प्रसादी पाई आयोजन में धार्मिक संगठनो को सम्मानित किया गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए । पौषबड़ा आयोजन में संत महंतों का आगमन हुआ। सरस निकुंज के अलबेली माधुरी शरण महाराज, प्रवीण भैया, गोविंद देव जी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी, काले हनुमान मंदिर के युवाचार्य योगेश शर्मा , घाट के बालाजी मंदिर के स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, निर्मलानंद जत्ती महाराज,गीता गायत्री मंदिर के राजकुमार चतुर्वेदी, कथावाचक आचार्य राजेश्वर, अजयकांत हिन्दू , घनश्याम भूतड़ा, एस.एन.जी.एस ई . सत्यनारायण गुप्ता, एसपी नरेश कुमार सहित सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने आयोजन में शिरकत की । श्री घनश्याम गौशाला सेवा समिति के पं. सुभाष शर्मा, जय किशन शर्मा, शिवम शर्मा, अर्जुन शर्मा, हर्ष शर्मा ने आए हुए संत- महंतों अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

## ईकेवायसी नही करने वाली आशा सहयोगिनियों को निकालने की होगी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में अब एकेवाईसी नहीं करने वाली आशा सह्योगोनियों पर गाज गिरेगी। जिन भी आशाओं द्वारा एकेवाईसी कार्य मे आशातीत प्रगति नही की जा रही है उन पर जिला कलक्टर शुभम चौधरी के निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि जिले में एकेवाईसी कार्य में धीमी प्रगति को देखते हुए जिला कलक्टर ने इस कार्य के प्रगति लाने व अकर्मण्य आशाओं पर कार्यवाही करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आगामी 7 दिनों में समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों द्वारा अपने—अपने सेक्टर की प्रत्येक आशा को ईकेवाईसी का टारगेट दिया जाकर उसे पूरा करवाने के प्रयास किये जायेंगे। प्रत्येक दिवस की ईकेवाईसी प्रगति की रिपोर्ट खंड अधिकारी को भिजवानी होगी। इसके पश्चात बीसीएमओ मॉनिटरिंग करके जिला स्तर पर चार बजे तक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। सात दिवस में जिस भी आशा द्वारा ईकेवाईसी कार्य मे प्रगति नही की जाएगी उन्हें कार्य से हटाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# भगवान श्रीराम ने वनवास में समाज को जोड़कर विराट सेना का निर्माण किया : जयनारायण शुक्ल

## सेवा भारती समिति का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, सेवा के विभिन्न कार्यों पर की गई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** सेवा भारती समिति जिला कोटपूतली का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। वही प्रकल्प शिक्षिकाओं द्वारा दीप मंत्र का दोहरान करवाया गया। दीप मंत्र के पश्चयात प्रथम सत्र में मंच पर विराजे अतिथियों का परिचय करवाया गया वहीं प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए सेवा भारती के प्रांत सह मंत्री महेश गोयल ने सेवा भारती द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक आयाम पर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यों की जानकारी। वहीं द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए जिला प्रकल्प प्रमुख सत्यनारायण कौशिक ने कोटपूतली जिले में चल रहे विभिन्न बाल संस्कार केंद्र, सिलाई केंद्र, लाइब्रेरी आदि प्रकल्पों की जानकारी दी और किस तरह प्रकल्प चलाये जा रहे है उस पर विस्तरित चर्चा की। तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए जिला सह मंत्री ताराचंद सैनी ने सेवा के कार्यों को किस तरह अंजाम दिया जाए उसे पर कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा करते हुए बातचीत की एवं संघ के शताब्दी वर्ष पर सेवा भारती के अधिक से अधिक प्रकल्प खोलकर लक्ष्य प्राप्ति करने की बात कही। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान जिले भर से पधारे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का परिचय हुआ। वही कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रांतीय स्वास्थ्य आयाम प्रमुख जयनारायण शुक्ल ने समापन समारोह को संबोधित किया।भगवान श्रीराम ने वनवास में समाज को जोड़कर विराट सेना का निर्माण किया । सेवा भारती द्वारा उपेक्षित, वंचित शोषित ,पीड़ित जैसे अनेक वर्ग में प्रकल्प चलाकर उन्हें आगे बढ़ने का काम सेवा भारती करती है।

## सम्पादकीय

# आपसी झगड़े में उलझा आईएनडीआईए गठबंधन की एकजुटता पर उठे सवाल

दिल्ली में विधानसभा चुनावों को लेकर जब आम आदमी पार्टी ने यह स्पष्ट किया कि वह अपने बलबूते चुनाव लड़ेगी तो आईएनडीआईए की खींचतान फिर से उभरती दिखने लगी थी। आप के जवाब में जब कांग्रेस के नेताओं ने अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाने शुरू किए तो यह खींचतान चरम पर आती दिखी। अब तो दोनों एक-दूसरे के सामने हैं, लेकिन यह साफ दिख रहा है कि जहां केजरीवाल कांग्रेस पर जोर-शोर से हमलावर हैं, वहीं राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खरगे तक कांग्रेस के बड़े नेता उन्हें सीधा जवाब देने से परहेज कर रहे हैं। क्या इसका कारण गठबंधन को बिखरने से बचाना है? कारण जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि आईएनडीआईए में शामिल आप राष्ट्रीय दल है। उसकी दिल्ली के साथ पंजाब में भी सरकार है। यह भी एक तथ्य है कि आप प्रमुख केजरीवाल प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। वह अपने विरोधियों को जवाब देने और उन पर पलटवार करने में माहिर हैं। वह विरोधियों को कठघरे में खड़ा करने के लिए नए-नए मुद्दे लेकर सामने आते हैं और जरूरत के हिसाब से अपनी रणनीति भी बदल लेते हैं। इसके चलते उन्होंने अपनी छवि एक चतुर राजनेता की बना ली है। वह इस कोशिश में भी दिखते हैं कि वही भाजपा को बेहतर तरीक से चुनौती देने में सक्षम हैं। इसके विपरीत आईएनडीआईए की ओर से पीएम पद के प्रबल दावेदार माने जाने वाले राहुल गांधी घिसी-पिटी राजनीति करते दिखते हैं। शायद इसी कारण गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता उनके नेतृत्व को चुनौती देते रहते हैं। यह ध्यान रहे कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए अपनी दावेदारी पेश कर चुकी हैं। उनकी इस दावेदारी का समर्थन लालू यादव ने कर दिया था। आईएनडीआईए के घटकों के अन्य नेताओं ने भी ममता को गठबंधन का उपयुक्त नेता बताकर कांग्रेस की समस्या बढ़ा दी थी। इसी सिलसिले में समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने यह कहा था कि गठबंधन के नेता राहुल गांधी नहीं हैं। जब दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच तकरार को लेकर तेजस्वी यादव और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने यह कहा कि आइएनडीआइए केवल लोकसभा चुनावों के लिए था तो उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यदि ऐसा है तो गठबंधन को भंग कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी शिकायत की कि गठबंधन में न तो नेतृत्व को लेकर स्पष्टता है और न ही नीति को लेकर। उन्होंने गठबंधन का कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम न होने की भी बात कही। उनकी बातों से असहमत नहीं हुआ जा सकता। जब आइएनडीआइए का गठन हुआ था तो उसका लक्ष्य लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराना था। इस एक मात्र लक्ष्य के अलावा उसके पास कोई स्पष्ट दृष्टिकोण और यहां तक कि वैकल्पिक एजेंडा भी नहीं था। यह भी एक तथ्य है कि आईएनडीआईए पंजाब, केरल और बंगाल में मिलकर चुनाव नहीं लड़ सका था। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड और महाराष्ट्र में तो गठबंधन के घटकों ने मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन हरियाणा में वे ऐसा नहीं कर सके। जम्मू-कश्मीर में भी केवल कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने ही मिलकर चुनाव लड़ा था। खास बात यह है कि गठबंधन के कुछ घटक और खासकर सपा एवं तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में आप का साथ देने की बात कर रहे हैं। चूंकि कांग्रेस दिल्ली में लंबे समय तक सत्ता में रह चुकी है, इसलिए यह स्वाभाविक है कि वह यहां पूरी ताकत से चुनाव लड़ना चाह रही है। आप भी दिल्ली को अपना गढ़ मानकर अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ने को तैयार नहीं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 13 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्पेन में राष्ट्रीय दिवालिएपन की घोषणा के बाद 1607 में 'बैंक ऑफ जेनेवा' का पतन हुआ।
- इतालवी खगोलविद, भौतिकविद एवं गणितज्ञ गैलीली गैलिलियो ने 1610 में बृहस्पति के चौथे उपग्रह कैलिस्टो की खोज की।
- मुगल बादशाह बहादुर शाह ज़फर ने 1709 में अपने तीसरे भाई काम बख्श को हैदाराबाद में हराया।
- उदयपुर के राणा ने 1818 में मेवाड़ प्रांत की रक्षा के लिये ब्रिटिश सेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी की सेना के अधिकारी डॉ. विलियम ब्राइडन 1842 में 'आंग्ल अफ़गान युद्ध' में जिंदा बचे रहने वाले इकलौते ब्रिटिश सदस्य रहे।
- अंग्रजों और सिखों के बीच 1849 में चिलियनवाला में दूसरा युद्ध हुआ।
- असम में युवाओं ने 1889 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी का प्रकाशन शुरु किया।
- न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण 1910 से प्रारम्भ हुआ।
- इटली के एवेज्जानो शहर में 1915 में आये विनाशकारी भूकंप में 30 हजार से अधिक लोग मारे गए।
- 1930 में पहली बार मिकी माउस कॉमिक स्ट्रिप का प्रकाशन हुआ।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये 1948 में आमरण अनशन शुरू किया।
- टोगों के राष्ट्रपति सिलवेनस ओलिम्पियो की 1963 में एक सैनिक विद्रोह में हत्या कर दी गयी।
- भारत के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 1964 में हिंदू और मुसलमानों के बीच भयानक सांप्रदायिक दंगे हुए। जिनमें करीब 200 लोग मारे गए और 300 से ज़्यादा लोग घायल हुए।
- 1966 में अमेरिका ने नवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- नासा ने 1978 में पहली अमेरिकन महिला अंतरिक्षयात्री का चयन किया।
- 1988 में चीन के राष्ट्रपति चिंग चियांग कुमो का निधन।
- 1995 में बेलारूस नाटो का 24वाँ सदस्य देश बना।
- परमाणु कार्यक्रम को लेकर 2006 में ईरान पर सैन्य आक्रमण से ब्रिटेन ने इन्कार किया।
- महिलाओं के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का 37वाँ अधिवेशन 2007 में न्यूयार्क में शुरू।
- जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फ़ारुख़ अब्दुल्ला 2009 में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष बनाए गए।

### 13 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1450 में जिस के जलमार्ग का प्रयोग करके ही वास्को डी गामा ने भारत के जलमार्ग की खोज की थी उस पुर्तग़ाल के नाविक बारथोलोमियु डेयाज़ का जन्म हुआ।
- 1896 में भारत के प्रसिद्ध कन्नड़ कवि और साहित्यकार दत्तात्रेय रामचन्द्र बेंद्रे का जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# रिटायर्ड अफ़सरों के बोझ तले दबा आरटीआई का ढाँचा



डॉ सत्यवान सौरभ

**सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं। विशिष्ट राजनीतिक दलों से सम्बंध रखने वाले नौकरशाह सरकारी निर्णयों को चुनौती देने में अनिच्छा दिखा सकते हैं, जिससे आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता कम हो सकती है।**

भारत में सूचना आयुक्तों के रूप में सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता के बारे में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जबकि उनका अनुभव मूल्यवान हो सकता है, इस ने संभावित पूर्वाग्रहों और सीमित प्रतिनिधित्व पर बहस छेड़ दी है। इस तरह के प्रभुत्व के निहितार्थ और उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की आवश्यकता का पता लगाता है। आरटीआई ढांचे में स्वतंत्रता और विविधता के बारे में कई चिंताएँ हैं। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों का प्रभुत्व एक संकीर्ण, एकरूप दृष्टिकोण बनाता है, जो निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में विविधता को कम करता है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को अक्सर प्रतिष्ठान का हिस्सा माना जाता है, जिससे सरकार की कार्रवाइयों को निष्पक्ष रूप से चुनौती देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। पूर्व सरकारी कर्मचारी अपने पूर्व सहयोगियों के प्रति पूर्वाग्रह प्रदर्शित कर सकते हैं, जिससे अपीलों को संभालने में निष्पक्षता कम हो सकती है। एक सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं। विशिष्ट राजनीतिक दलों से सम्बंध रखने वाले नौकरशाह सरकारी निर्णयों को चुनौती देने में अनिच्छा दिखा सकते हैं, जिससे आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता कम हो सकती है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व का प्रभाव पड़ता है। जब चयन पूल में विविधता का अभाव होता है, तो जनता आरटीआई ढांचे की तटस्थता में विश्वास खो सकती है। सीमित नए दृष्टिकोण वाले नौकरशाहों का प्रभुत्व अक्षमता में योगदान देता है, जिससे आरटीआई अपीलों के प्रसंस्करण में देरी बढ़ जाती है। सीआईसी के 23, 000 अपीलों का बैकलॉग बताता है कि नए दृष्टिकोण के बिना नौकरशाही नियुक्तियाँ नागरिक शिकायतों के समय पर समाधान में बाधा बन सकती हैं। नियुक्तियों में विविधता की कमी के परिणामस्वरूप समान पृष्ठभूमि वाले कुछ व्यक्तियों के हाथों में शक्ति केंद्रित हो जाती है। यह प्रथा नवीन विचारों या दृष्टिकोण में परिवर्तन को रोकती है जो आरटीआई अधिनियम की प्रभावकारिता में सुधार कर सकते हैं। विविध इनपुट के बिना, आरटीआई ढांचा आधुनिक आवश्यकताओं के अनुकूल होने में विफल हो सकता है, जिससे सुधार रुक सकते हैं जो इसे और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। अगर लोगों को लगता है कि निर्णय पक्षपातपूर्ण हैं या पूर्व सरकारी अधिकारियों द्वारा प्रभावित हैं, तो वे आरटीआई प्रक्रिया से जुड़ने के लिए कम इच्छुक महसूस कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों के पूल को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। विभिन्न विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को शामिल करने से निर्णय लेने में व्यापक दृष्टिकोण आएगा। यह आरटीआई ढांचे में विविध दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। यूके जैसे देशों में, सूचना आयुक्त कानून, पत्रकारिता और शिक्षा जैसे पृष्ठभूमि से आते हैं, जो स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बढ़ावा देते हैं। एक सार्वजनिक, पारदर्शी चयन प्रक्रिया निष्पक्षता को बढ़ावा देगी और सभी को सूचना आयुक्त की भूमिकाओं के लिए आवेदन करने का समान अवसर देगी। अमेरिका कई सरकारी निगरानी भूमिकाओं के लिए एक सार्वजनिक नामांकन प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो उम्मीदवारों के चयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। कार्यकाल सीमित करने और आयु प्रतिबंध लागू करने से नए दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल सकता है और सूचना आयोगों के भीतर गतिशील नेतृत्व की अनुमति मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई राष्ट्र वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यकाल को सीमित करते हैं ताकि दीर्घकालिक रूप से जड़ता से बचा जा सके और नए विचारों को प्रोत्साहित किया जा सके। नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि आरटीआई प्रणाली जनता की ज़रूरतों के प्रति उत्तरदायी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल हैं, जो विविध दृष्टिकोणों के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण को मज़बूत करते हैं। आवेदनों के लिए आउटरीच और जागरूकता का विस्तार करना: रिक्तियों को सक्रिय रूप से प्रचारित करना और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाना विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि से उम्मीदवारों को आकर्षित करने में मदद करेगा।

# यूजीसी का नया ड्राफ्ट-एक विवेचन



सुनील कुमार महला,

**यूजीसी ने उम्र को लेकर भी नियमों में बदलाव किया है। इन नियमों के तहत अब कुलपति को एक संस्थान में अधिकतम दो कार्यकाल ही मिलेंगे, जो पांच-पांच साल के होंगे। हालांकि, यह भी उल्लेखनीय है कि इस पद पर उन्हें सिर्फ सत्तर साल की उम्र तक ही नियुक्त किया जाएगा। इस दौरान जो पहले समाप्त हो जाएगा, वह जुड़ेगा। यूजीसी ने अपने ड्राफ्ट में यह प्रस्ताव किया है यदि नए नियमों के तहत किसी भी संस्थान में कुलपति की तैनाती नहीं दी जाएगी, तो उसे शून्य घोषित माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालयों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में बगैर पीएचडी व नेट के सिर्फ मास्टर डिग्री करने वालों को भी असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति देने की सिफारिश यूजीसी ने की है। जानकारी के अनुसार इनमें एमई, एमटेक जैसे डिग्री हासिल करने वाले शामिल होंगे।**

5 वीं और 8 वीं कक्षाओं में 'नो डिटेंशन पालिसी' के खात्मे के साथ अब सरकार ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में भी हाल ही में नये शैक्षणिक बदलाव करते हुए एक ड्राफ्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि अब विश्वविद्यालयों में बिना नेट(नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) और पीएचडी के भी कुलपति बना जा सकेगा। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विनिमय 2025 का ड्राफ्ट जारी किया है, जिसके अनुसार अब ऐसे कैंडिडेट्स भी कुलपति बन सकेंगे जिन्होंने नेट-पीएचडी नहीं किया है। दूसरे शब्दों में कहें तो अब कोई भी इंडस्ट्री, पब्लिक पॉलिसी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन या पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग का शख्स वीसी बन सकता है।कुलपति ही नहीं, विश्वविद्यालयों सहित देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर जैसे पदों पर भर्ती से जुड़े नियमों में भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बदलाव किया गया है। यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नायाब और बड़ी पहल है। नायाब और बड़ी पहल इसलिए क्यों कि इससे जहां एक ओर विभिन्न विश्वविद्यालयों को बड़ी संख्या में दूरदर्शी, प्रशासनिक क्षमता रखने वाले विद्वान या यूं कहें कि लीडरशिप वाले कुलपति मिल सकेंगे, वहीं दूसरी ओर सरकार के इस निर्णय से उच्च शिक्षण संस्थाओं को भी असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर मिल सकेंगे। पाठकों को बताता चलूं कि नए नियमों के अनुसार कुलपति के लिए अब दस साल का शिक्षण अनुभव अनिवार्य नहीं होगा। वर्तमान में सरकार द्वारा इसे समाप्त कर दिया गया है और कुलपति नियुक्ति नियमों को पहले से कहीं अधिक लचीला बनाया गया है। वर्तमान नियमों के अनुसार अब शिक्षण कार्य के साथ शोध, शैक्षणिक संस्थान, उद्योग व लोक प्रशासक आदि क्षेत्रों में भी दस साल का अनुभव रखने वाले कुलपति बनने के पात्र होंगे। यह भी गौरतलब है कि आयोग ने इसके साथ ही कुलपति के चयन से जुड़ी सर्च कमेटी में बदलाव की सिफारिश की है। इसमें यूजीसी के प्रतिनिधि भी अब अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। गौरतलब है कि यूजीसी ने छह जनवरी को जारी भर्ती नियमों से जुड़े इस मसौदे को लेकर लोगों से पांच फरवरी तक सुझाव देने को कहा है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हमारे देश में विभिन्न क्षेत्रों में अनेक ऐसे विद्वान व विशेषज्ञ हैं जिन्होंने भले ही कभी किन्हीं महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में अध्यापन कार्य नहीं किया हो, लेकिन ऐसे लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता और अनुभव लिए होते हैं। ऐसे में इन सभी लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हो सकेगा और वे अनुभवों और विशेषज्ञता से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को जन्म देकर भारतीय शिक्षण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा सकेंगे। अब तक कुलपतियों को दस साल का अनुभव न होने के कारण, अनेक विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति में अनेक विश्वविद्यालयों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। यह अत्यंत काबिले-तारीफ है कि यूजीसी ने नए नियमों में नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कौशल को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



श्री ओम प्रकाश
रेंज आईजी, बीकानेर
(आईपीएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रेंज आईजी बीकानेर श्री ओमप्रकाश सर। 24 दिसम्बर सन1972 को बिहार के वैशाली में जन्में ओमप्रकाश एक बहुत ही शानदार घराने में परवरिश पाए हैं। बी .ए (ऑनर्स )संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करने के बाद पत्रकार बने और जनता और प्रशासन के मध्य सेतू का काम किया इसके बाद पत्रकारिता छोड़कर पुलिस के अधिकारी बने। महानिरीक्षक पुलिस,बीकानेर रेन्ज बीकानेर पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व महाप्रबन्धक,हरियाणा क्षेत्र, उपभोक्ता मामलात मंत्रालय, भारतीय खाद्य निगम पंचकुला। कमाण्डेन्ट 4जी बटालियन, आरएसी जयपुर। उप निदेशक,राजस्थालन पुलिस अकादमी जयपुर। पुलिस अधीक्षक, अलवर। पुलिस अधीक्षक, चूरू। पुलिस अधीक्षक, करौली। पुलिस अधीक्षक,बारां। पुलिस अधीक्षक, बूंदी। सहायक अधीक्षक पुलिस, वृत्त कोटा शहर (पूर्व)? एसवीपीएनपी हैदराबाद में प्रशिक्षण के तहत रहे। युवाओं को सही दिशाए दिखाकर समाज को नए रूप में प्रस्तुत करना इनके बेस्ट जॉब का एक हिस्सा है इनका मानना है कि युवाओं एनर्जी को सही दिशा में ले जाना एक बड़ी चुनौति के रूप में नजर आ रहा है। ऐसे में आईपीएस रेंज आईजी बीकानेर ओमप्रकाश सर कॉचिंग या कॉलेजों में जाकर युवाओं को मोटिवेट करते हैं। शानदार अधिकारी के रूप में पूरा पुलिस महकमा इन्हें जानता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_014
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 5 | 2 | 3 | | |
| 6 | | | 3 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | 3 | | | 4 | 2 | | |
| | 7 | | | 9 | 8 | 1 | | |
| 3 | | | | | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | | | | 3 | | | | 4 |
| | | 6 | | | 3 | 8 | | 5 |
| 8 | | 5 | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 6 | 4 | | 2 |

Ans_2025_013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**वृष**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

**मिथुन**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**कर्क**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**सिंह**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**कन्या**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

**तुला**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**वृश्चिक**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**धनु**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**मकर**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**कुंभ**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**मीन**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सूर्यदेव कल करेंगे पुत्र शनिदेव के मकर में प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**सावाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मकर संक्रांति का पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन पूरे एक साल बाद सूर्यदेव अपने पुत्र शनिदेव के घर मकर में प्रवेश करते हैं। इसलिए इस दिन दान पुण्य करने का भी विशेष महत्व है! ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि मकर संक्रांति का पर्व हिंदू धर्म में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। पौष मास में जो सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो उस दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस दिन से ही ऋतु में भी परिवर्तन होने लगता है। इस दिन की धार्मिक मान्यताएं भी हैं। साथ ही इस दिन दान पुण्य करने का भी विशेष महत्व है।


## मकर संक्रांति 2025 तारीख और शुभ मुहूर्त

मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान सवाई माधोपुर के अध्यक्ष पंडित तारा चंद शास्त्री बताते हैं कि 14 जनवरी को सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होगा। ऐसे में सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक स्नान दान का शुभ मुहूर्त रहेगा। इसमें सुबह 8 बजकर 55 मिनट से लेकर दोपहर में 12 बजकर 51 मिनट तक का समय पुण्य काल रहेगा। जबकि 8 बजकर 55 मिनट से लेकर 9 बजकर 29 मिनट तक का समय महापुण्य काल रहेगा।

इस समय अमृत काल होने से स्नान दान का सर्वोत्तम फल मिलेगा। 14 जनवरी ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 27 मिनट से 6 बजकर 21 मिनट तक। अमृत काल का शुभ मुहूर्त सुबह में 7 बजकर 55 मिनट से 9 बजकर 29 मिनट तक।

## मकर संक्रांति पर दान पुण्य और स्नान का महत्व

मकर संक्रांति के दिन स्नान दान पुण्य का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान और दान पुण्य करने से



व्यक्ति के पापों का नाश होता है। साथ ही व्यक्ति का भाग्योदय होता है। साथ ही इस दिन सूर्य देव उत्तरायण की तरफ से मकर रेखा से उत्तर दिशा में आ जाते हैं। जिस वजह से मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहा जाता है। साथ ही इस दिन सूर्यदेव के साथ साथ भगवान विष्णु की उपासना भी की जाती है। इस दिन दान पुण्य करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाएंगे। साथ ही इस दिन शनि गरीब, मजदूर और जरुरमंद लोगों को गुड़ रेवड़ी मूंगफली का दान आदि करना चाहिए।

जलदाय मंत्री ने क्षैत्र की जनता को दिया एक ओर तोहफा

# नगरपालिका मालपुरा की सीमा क्षैत्र का हुआ विस्तार

बढ़ता राजस्थान

## नगरपरिषद में क्रमोन्नत होने का रास्ता हुआ साफ

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** स्वायत शासन विभाग ने नगरपालिका मालपुरा की सीमा क्षैत्र में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए सीमा क्षैत्र का विस्तार किया है। स्वायत शासन विभाग के आयुक्त एवे शासन सचिव निदेशक कुमार पाल गौतम की ओर से एक परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र के अनुसार नगरपालिका मालपुरा क्षेत्र की वर्तमान सीमा क्षेत्र में बढ़ोतरी की गई है। सीमा क्षैत्र में बढ़ोतरी के अनुसा क्षैत्र की सम्पूर्ण ग्राम पंचायत बृजलालनगर का सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र, ग्राम पंचायत राजपुरा क्षैत्र के राजस्व ग्राम हाथकी का सीमा क्षैत्र , ग्राम पंचायत सिंधोलिया के राजस्व ग्राम दौराई (मालियो का), नायको की ढाणी, बैरवो की दौराई का सम्पूर्ण क्षैत्र , ग्राम पंचायत रीण्डलिया बुजुर्ग के राजस्व ग्राम धानोता व कल्याणपुरा का सम्पूर्ण क्षैत्र नगरपालिका मालपुरा की सीमा क्षैत्र में शामिल किया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत टोरड़ी के राजस्व ग्राम अम्बापुरा, मय ढाणियां (टोरड़ी स्टेशन, मुवालो की ढाणी) का सम्पूर्ण राजस्व क्षैत्र, ग्राम पंचायत डूंगरीकला के राजस्व ग्राम अजमेरो की ढाणी, जाजमो की ढाणी का राजस्व क्षैत्र व क्षैत्र की ग्राम पंचायत चांदसेन के राजस्व ग्राम सुईवालो की ढाणी, नागोरिया की ढाणी, अविकानगर का सम्पूर्ण क्षैत्र तथा ग्राम पंचायत देशमां के राजस्व ग्राम पीनणी, लक्ष्मीपुरा व श्योपुर गांव का सम्पूर्ण क्षैत्र नगरपालिका मालपुरा की सीमा में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि गत दिनो जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशानुसार नगरपालिका मालपुरा के अधिशासी अधिकारी उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने नगरपालिका मालपुरा की सीमा क्षैत्र में बढ़ोतरी के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भिजवाए थे। इसके अलावा जलदाय मत्री कन्हैयालाल चौधरी ने इससे पहले मालपुरा की जनता को मालपुरा के सरकारी अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करवा कर तोहफा



दे चुके हैं। साथ ही चर्चा यह भी है कि माालपुरा नगरपालिका के नगर परिषद के क्रमोन्नत होने के बाद मालपुरा नगर परिषद व बाद में जिला परिषद का मुख्यालय बनकर जिला मुख्यालय भी बनने की पूरी पूरी संभावनाऐं हैं।

# साइबर ठग के घर से एटीएम, बैंक पासबुक आइफोन व अन्य सामग्री जब्त, आरोपी फरार

बढ़ता राजस्थान

**सावाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बौंली थाना पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जॉब दिलवाने, इन्वेस्ट करने व रुपए डबल ट्रिपल करने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर ठगी के आरोपी सिकंदर पुत्र रामखिलाड़ी मीणा ग्राम बहनोली निवासी के घर से विभिन्न बैंकों के 9 एटीएम कार्ड सहित कई बैंक पासबुक, पैन कार्ड, चेक बुक, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेज बरामद किए। पुलिस के अनुसार साइबर हेल्पलाइन पोर्टल 1930 से शिकायत प्राप्त हुई। सूचना पर मोबाइल धारक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना स्तर पर एएसआई रूप सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, कांस्टेबल मुकेश, शीशराम व महिला कांस्टेबल पूजा की एक टीम गठित की गई। तकनीकी सहायता से जानकारी कर पुलिस उक्त सिम धारक रामखिलाड़ी के घर पर पहुंची तो हाल में सिमधारक का पुत्र सिकंदर पुत्र राम खिलाड़ी मीणा निवासी बहनोली ऑनलाइन ठगी करता नजर आया। पुलिस टीम को देखकर वह सरसों की फसल में होकर फरार हो गया। आरोपी के घर से मिले विभिन्न एटीएम कार्ड व बैंक पासबुक के आधार पर संबंधित बैंकों से जानकारी की गई तो आरोपी सिकंदर मीना अपनी बहन सपना मीणा, पिता रामखिलाड़ी मीणा, पड़ौसी रामेश्वर मीणा व हंसराज मीणा के बैंक खातो में करीब 40 लख रुपए का ट्रांजेक्शन मिला है। घटना के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न मामलों में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसका अनुसंधान पूर्ण कर शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# रक्तदान करने से आत्म संतुष्टि मिलने के साथ साथ पुण्य भी मिलता है : राधा चौधरी

## स्वामी विवेकानन्द जयन्ती पर आयोजित शिविर में 181 ने किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि व ब्लीस निदेशक राधा चौधरी ने कहा है कि रक्तदान करने से पुण्य के साथ साथ आत्मसंतष्टि भी मिलती है। श्रीमती चौधरी रविवार को सेवा भारती समिति व रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित युवा महोत्सव व रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रही थी। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि रक्तदान करना महान पुण्य का कार्य है। रक्तदान वास्तव में जीवन रक्षक है। इसका महत्व तब समझ में आता है जब कोई पीड़ित मौत से जूझ रहा



होता है। चौधरी ने कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे आत्मसंतृष्टि मिलती है। समारोह को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए केद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि रक्त ईश्वर की दी हुई अमूल्य भेंट हैं जिसे आज तक कोई भी वैज्ञानिक नहीं बना पाया है। इसका उपयोग मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। समारोह में अतिथि की अध्यक्षता महावीर प्रसाद सुराशाही ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि रामदेव महिया, विद्यार्थी परिषद के जयपुर प्रान्त सदस्य कार्तिकेय शर्मा मौजुद रहे। वहीं इस दौरान समिति के गोविन्द विजय, महावीर प्रसाद सुराशाही, मधू पारीक, सुरेन्द्र कुमार नामा, रोटरी क्लब मालपुरा अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, रोटरी क्लब के सहायक जिला प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, भानुप्रताप नामा, सुनील कुमार जैन सहित अन्य कई प्रबुद्धजन, आयोजक समिति व क्लब के सदस्य मौजुद रहे। शिविर में कुल 181 जनो ने रक्तदान कर जरूरतमंद को जीवनदान दिया।

# एम.डी.एस. सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल निवाई में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** शहर के जमात स्थित एम डी एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य गंगाधर बैरवा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 12 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के युवाओं की क्षमता और योगदान का सम्मान करता है। इस विशेष अवसर पर भारत के महान दार्शनिक, आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती भी मनाई जाती है। स्वामी विवेकानंद ने आत्मनिर्भरता, अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्रीय विकास के मूल्यों पर जोर दिया, जो आज भी लाखों युवाओं को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बृज सुंदर शर्मा ने भी राष्ट्रीय युवा दिवस संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और आदर्शों का उत्सव है। यह दिन आत्म-अनुशासन, जिम्मेदारी और आध्यात्मिक जागरूकता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करता है। विवेकानंद की शिक्षाएं यह सिखाती हैं कि व्यक्ति को अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना चाहिए, जिससे समाज और देश का कल्याण हो सके। कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक यशवर्धन शांडिल्य, सहायक प्रधानाचार्य संतोष शर्मा, कार्यालय प्रभारी प्रहलाद सिंह तंवर, गणपत लाल सैनी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 29 जनवरी गांव बंद को लेकर किसान महापंचायत की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** 29 जनवरी को गांव बंद को लेकर किसान महापंचायत की बैठक कृषि उपज मंडी में आज आयोजित होगी। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान की अध्यक्षता में की जाएगी जिसमें 29 जनवरी को गांव बंद अभियान और खरीफ की फसल प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर हुई बारिश के लिए तहसीलदार महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा और उनसे रिपोर्ट मांगी जाएगी की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कितनी बारिश हुई है जिससे कि फसलों का मुआवजा लेने में मदद मिल सके निवाई तहसील कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और उनको गांव बंद की जिम्मेदारी सोपी जाएगी और अन्य समस्याओं को लेकर किसानों से चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति बनाई जाएगी की आगामी नवीन सत्र में क्या-क्या कार्य करने हैं जिससे कि किसानों की मदद हो सके और गांव गांव किसानों को उनके अधिकारों की जानकारी के लिए किसान महापंचायत द्वारा गांव का दौरा किया जाएगा और आदि बैठक में चर्चा की जाएगी । निवाई क्षेत्र के सभी गांव से किसान इस बैठक में शामिल होंगे बैठक 1 बजे कृषि उपज मंडी निवाई में की जाएगी।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा आज टोंक आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री निरुपम चकमा दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को टोंक आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री चकमा दोपहर 3:30 बजे समरावता प्रकरण को लेकर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। मंगलवार, 14 जनवरी को समरावता गांव का दौरा करेंगे।

# श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर प्रभात फेरी और नगर भ्रमण का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( मनीष शर्मा )।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सनातन धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में विशाल प्रभात फेरी और नगर भ्रमण का आयोजन हुआ। पौष मास के कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में रामलला की स्थापना की गई थी। इसकी वर्षगांठ पर ढोल की थाप व मंजीरा के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राम संकीर्तन, भजन कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी प्रात: साढ़े 5 बजे श्री मोरिया वाले बालाजी से बड़ी धूमधाम के साथ शुरू हुई। प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। हाथों में ध्वज पताकाये लेकर जय श्री



राम के नारे लगाते हुए बड़े हर्ष उल्लास के साथ युवा चल रहे थे। प्रभात फेरी में महिला मंडल द्वारा श्री राम कीर्तन किया जा रहा था। जगह-जगह प्रभात फेरी पर भव्य पुष्प वर्षा की गई। प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह अल्पाहार की व्यवस्था की गई। प्रभात फेरी जमात,शिवाजी कॉलोनी, शिवाजी पार्क, भगत सिंह कॉलोनी, झिलाई रोड, अहिंसा सर्किल, बस स्टैंड,नरसिंह भगवान मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, पटेल रोड, बड़ा बाजार, चारभुजा नाथ मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, खारी कुई, गणगौरी बाजार से कंकाली माता मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई।

# अक्षत कलश यात्रा में श्रध्दा का सैलाब उमड़ा

बढ़ता राजस्थान

**सावाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर समिति व लवकुश कॉलोनी के तत्वावधान में महाशकतेश्वर महादेव मंदिर से मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर तक अक्षत कलश यात्रा निकाली। इसमें महिलाएं 101 कलश धारण कर चल रही थी। श्रद्धालुओं के हाथ में धर्म ध्वज साथ रही। कलश यात्रा के बाद पौषबड़ा कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि सभापति मेघा वर्मा थी। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति रमेश कुमार बैरवा व पार्षद रवींद्र सिंह, देवेन्द्र गौतम, केदार सैनी, रितेश भारद्वाज, पुरुषोत्तम जौलिया, राम भजन बैरवा, हनुमान प्रसाद सैनी, प्रीतम चौधरी, नीरज मीना थे।



राधा चौधरी ने किया जम्बूरी का अवलोकन

# स्काउट गाइड को बताया चरित्र ज्ञान, साहस व अनुशासन की पाठशाला



कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रागंण में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला शाखा टोंक के तत्वावधान 13 जनवरी तक आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड अमृत महोत्सव व जम्बूरेट का जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी ने अवलोकन कर स्काउट गाइड को अनुशासित जीवन जीने व समाज सेवा में भागीदार बनने का आव्हान किया। रविवार को जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी ने कहा कि स्काउटिंग ज्ञान चरित्र और साहस व आत्म विश्वास की पाठशाला है जहां स्काउट गाइड सदैव समाजसेवा में तत्पर रहते हैं। यह एक ऐसा मंच है जहां पर सबको अपने समूचित विकास का अवसर मिलता है। राधा देवी ने स्काउट की समाज विकास व राष्ट्र निर्माण में महति भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान केद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि स्काउट गाइड ने आपदा के समय अनेक ऐसे सेवा कार्य कर अपनी अलग पहचान कायम की है। जो अनुशासन से ही संभव हो पाती है। इससे झण्डारोहण पूर्व उप जिला प्रमुख अवधेश शर्मा, तिलक बाल विद्यापीठ शिक्षा समिति के सचिव प्रकाशचन्द पाटनी, सेवानिवृत नायब तहसीलदार पुरूषोतम शर्मा, श्रीमति पाठक ने झण्डारोहण किया।

# मंदिरों में पौष बड़े का आयोजन, प्रसादी के लिए उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

## जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों की रही धूम

**सावाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिलेभर में रविवार - शनिवार को अलग-अलग जगहों पर पौषबड़ा कार्यक्रमों की धूम रही। इसमें भक्तों ने बढ़-चढकर पौषबड़ा की प्रसादी ली। जिला मुख्यालय पर हाउसिंग बोर्ड रोड पर महाकाल शनि महाराज मंदिर में पौषबड़ प्रसादी कार्यक्रम हुआ। मंदिर के पुजारी नरोत्तम दास ने बताया कि इससे पहले मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। इसके बाद शनि महाराज के पुए व बड़े का भोग लगाकर भक्तों को प्रसादी वितरित की। शहर भैरू दरवाजा स्थित राठी मिल के पास खेड़ापति हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भक्तों ने पौषबड़े की प्रसादी पाई। हनुमान जी को पुए और बड़े का भोग लगाकर राहगीरों को प्रसादी वितरित की। कार्यक्रम में राजेश सैनी, विनोद कुमावत, श्रवण सिंह गवारिया, राम सिंह आदि मौजूद थे। श्री घुश्मेश्वर प्रदोष सेवा समिति जयपुर के तत्वावधान में शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में पौषबड़ा प्रसादी कार्यक्रम हुआ। सुबह 11 बजे भगवान शिव का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण शुरू किया। इस दौरान अनिल पारीक के नेतृत्व में भक्तों को प्रसादी का वितरण किया। इसी प्रकार आवासन मण्डल स्थित मंशापूर्ण बालाजी पर पौषबड़ा कार्यक्रम हुआ। यहां महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इसके बाद भोग लगाकर प्रसादी वितरित की। वहीं अग्रसेन नगर खाटूश्याम मंदिर परिसर में पौषबड़ा प्रसादी वितरण कार्यक्रम हुआ। यहां श्याम बाबा की झांकी सजाई गई। दोपहर दो बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर प्रसादी वितरण कार्यक्रम शुरू किया। शहर हरसहाय जी कटला स्थित पोखरा हनुमान मंदिर में पौषबड़ा वितरण कार्यक्रम हुआ। मंदिर में दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक महिलाओं ने संकीर्तन किया। इसके साथ ही पोखरिया हनुमानजी, भैरूजी महाराज व हरसहायजी महाराज एवं सार्वजनिक शिव मंदिर शिवालय पर भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया। स्थानीय लोगों व भक्तों के सहयोग से प्रसादी वितरित की। कार्यक्रम में राजेश बगडिया, नीतेश सोनी, कैलाश सेन का सहयोग रहा।

## 121 सुन्दरकाण्ड के पाठ

खण्डार में अग्रवाल समाज ट्रस्ट की महिलाओं की ओर से रविवार दोपहर 12 बजे श्री रामकुमारजी मंदिर 121 सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड के पाठ किए गए। आयोजन से जुड़े समाज के पूर्व अध्यक्ष



पौषबड़ों का मजा लेते बच्चे

नरेन्द्र मंगल ने बताया कि इस दौरान फू ल बंगला झांकी, श्री रामसीता जी व बांके बिहारी श्री राधे जी झांकिया सजाई गई। इसके बाद भगवान के पौषबड़ा का भगवान के भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण कर किया गया।



# जूली फैंस क्लब की ओर से नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** टीकाराम जूली फैंस क्लब की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के मुख्य आथित्य में होटल गोल्डन बाग में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का राजस्थानी साफा व सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। हजारों की संख्या में समारोह में उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर रक्त वीरों का स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता जूली के जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि उनके लिए इससे बड़ा उपहार और कुछ हो नहीं सकता जो सामाजिक सरोकार की दिशा में अतुल्य काम है क्योंकि रक्तदान सबसे बड़ा दान माना गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, प्रधान विनोद कुमारी सागवान, उप प्रधान महेश सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी, संजीव बारेठ, रोहताश चौधरी, सिद्धार्थ व्यास,संजय यादव, उमरदीन खान, हरिकिशन मीणा,योगेश मेहता, नरेंद्र सावित्री मीणा, जफरू खान,राकेश बैरवा,सुनील पाटोदिया, साजिद खान सहित बड़ी संख्या में टीकाराम जूली फैंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय आयोजन

# सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्पित : जिला प्रभारी मंत्री

## मुख्यमंत्री से संवाद में नव कर्मयोगियों ने किया सरकार का आभार व्यक्त

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह रविवार को भरतपुर विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसमें 389 कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली संवाद किया वहीं जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान की। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार ने युवा दिवस के अवसर पर प्रदेशभर के युवाओं को नियुक्ति देकर सपनों को साकार किया है।

इससे युवाओं में उत्साह का संचार होगा वहीं परिवार, समाज एवं प्रदेश भी उन्नति के पथ पर तेजी से आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं उनके उपदेशों से प्रेरणा लेकर युवा आगे बढ़ेंगे तो सांस्कृतिक मूल्यों के साथ समाज प्रगति करेगा। युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए देश को सर्वोपरि मानकर कार्य करना होगा तभी विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। और उन्होंने समारोह में उपस्थित नव कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान की।

### मुख्यमंत्री ने किया संवाद

वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर के पीर नगर निवासी 27 वर्षीय शोभित शर्मा से संवाद कर बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही घर जाते समय परिवार के लिए मिठाई ले जाने को कहा। शोभित शर्मा का चयन राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर हुआ है। शोभित ने बताया कि वह 6 भाई-बहनों में सबसे छोटा है व कई असफलताओं के बाद उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है, जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी और परिवार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के दौरान तहसील राजस्व लेखाकार व कनिष्ठ लेखाकार भर्ती के तहत भरतपुर जिले से चयनित 116 उम्मीदवारों, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती ते तहत जिले से चयनित 113 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य



अधिकारी के तहत चयनित 160 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। जिला कोषाधिकारी व कार्यक्रम की नोडल अधिकारी आशापाल मौर्या ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त कार्मिको में काफी उत्साह व खुशी का माहौल देखा गया।

सभी कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें वेलकम किट भी प्रदान की गई। इस दौरान विधायक वैर बहादुर सिंह कोली, विधायक बयाना ऋतु बनावत, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, बीडीए सचिव ऋषभ मंडल, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, एसडीएम भरतपुर राजीव शर्मा, सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, मनोज भारद्वाज व अन्य जनप्रतिनिधि, नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# सुरेश थदानी लगातार पांचवी बार सिंधी समाज के अन्तर्राष्ट्रीय सचिव बने

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** सिंधी समाज की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था विश्व सिंधी सेवा संगम का सातवा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन खनवेल रिसॉर्ट्स, सिलवासा में दिनांक 9, 10, 11, 12 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया जिसमें अलवर की विभिन्न सामाजिक, शैक्षिणक, व्यवसायिक, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े सिंधी समाज के समर्पित, सेवा कार्य में हमेशा आगे रहने वाले कार्यकर्ता सुरेश कुमार थदानी को लगातार पांचवी बार विश्व सिंधी सेवा संगम का अन्तर्राष्ट्रीय सचिव बनाया गया इस सम्मलेन में निस्वार्थ, उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए सुरेश कुमार थदानी को सांसद शंकर लालवानी द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, इंदौर से सांसद शंकर लालवानी,गुजरात सरकार में पूर्व मंत्री डॉ निर्मला वाधवानी, पूर्व विधायक रामगढ़ ज्ञान देव आहूजा, पूर्व विधायक महाराष्ट्र गुरुमुख दास जगवानी, पूर्व विधायक मध्य प्रदेश श्रीचंद सुंदरानी, सेवानिर्वत आईपीएस राजा राम भगनानी, मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर लाल ममतानी, एनसीपीसीएल के निदेशक रवि टेकचंदानी, विश्व सिंधी सेवा संगम के संस्थापक अध्यक्ष गोपाल सजनानी, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजू मनमानी, उपाध्यक्ष भारत वतवानी, अनुप थारवानी, भारती छाबडिया, भारत के विभिन्नर राज्यों सहित विश्व के विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंधी समाज के प्रसिद्ध कलाकारों सिमरन आहूजा, लता भगतानी, नेहा उदासी, प्रेम भारती, कमलेश कपूर, मास्टर हर्षल चंदवानी, मास्टर तनिष्क ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया।

# राज्य स्तरीय पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट सेवा शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 5 से 12वीं तक के विद्यार्थियों में नैतिक, बौद्धिक,सामाजिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। इस बार यह परीक्षा अक्टूबर माह में संपन्न हुई। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय विद्यार्थियों की वरीयता सूची से राज्य स्तर पर जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं सहयोग राशि प्रदान की गई। शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा इस बार राज्य स्तरीय आयोजन गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर रविवार को आयोजित हुआ। इस आयोजन में 24 मेधावी विद्यार्थियों को प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही राजस्थान के 27 जिलों से आए अध्यापकों को अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गायत्री परिवार अलवर एवं पश्चिमी जोन राजस्थान तथा केंद्रीय नेतृत्व शांतिकुंज हरिद्वार के राजस्थान समन्वयक गौरी शंकर सैनी, राष्ट्रीय समन्वयक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के रामयश तिवारी, परीक्षा के प्रांतीय समन्वयन, रमाकांत आमेटा, दिनेश गुप्ता, उपजोंन प्रभारी अलवर,अध्यक्ष के रूप में जैन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनीता सोनी, मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉक्टर सरोज गुप्ता, जिला समन्वयक ,सतीश बड़ाया ,जिला संयोजक भारतीय




संस्कृति ज्ञान परीक्षा अलवर के राधारमण विजय, उमाशंकर माथुर आदि सदस्यों के दीप प्रज्वलन किया एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। मेधावी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र, दुशाला एवं साहित्य तथा बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। 10 बजे गायत्री शक्ति पीठ पर दीप प्रज्वलन के द्वारा राज्य स्तरीय पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट सेवा शिक्षक सम्मान एवं मेधावी विद्यार्थी पारितोषिक वितरण समारोह 2024 वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। 27 जिलों के लगभग 116 अध्यापकों एवं 24 मेधावी विद्यार्थियों का सुबह पंजीयन हुआ। समारोह के समापन पर गायत्री परिवार अलवर की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉक्टर सरोज गुप्ता ने आए हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# मकर संक्रान्ति पर्व मनाया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** आर्य समाज स्वामी दयानन्द मार्ग, अलवर में रविवार को प्रात: 8 बजे से रविवारीय साप्ताहिक सत्संग के अन्तर्गत मकर सौर संक्रान्ति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मोक्षराज, प्रवक्ता आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान रहे। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत प्रदीप कुमार आर्य एवं श्रीमती कमला शर्मा ने पीत वस्त्र अर्पित कर किया। मकर संक्रान्ति पर्व पर यज्ञ हुआ जिसमें यजमान प्रदीप कुमार आर्य.सुमन आर्य, राजहंस शर्मा.सुमित्रा शर्मा, संजय भाटिया. इन्दू भाटिया, डॉ. हरि सिंह यादव.सुमन यादव, रूपेन्द्र सिंह.विभा आर्य ने विशेष वेद मंत्रों की आहुतियां दी। यज्ञ पं0 शिव कुमार कौशिक के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। यज्ञ के उपरान्त वैदिक पौष बडा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में लोगों वैदिक पौष बडा प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अशोक कुमार आर्य, डॉ. महेश जैन, डॉ.जीपीशर्मा, रामविलास अग्रवाल, सुरेन्द्र सक्सेना, ज्ञान प्रकाश मित्तल, अशोक शर्मा, सुनीता खण्डेलवाल, राजबाला, डॉ.प्रमोद शर्मा, बलबीर सिंह, निर्मला पारीक, आर्य कन्या विद्यालय समिति सदस्य, आर्य कन्या परिवार एवं आर्य समाज के अधिकांश गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अभय समाज के पदाधिकारियों कलाकारो सदस्यों एवं स्वयंसेवको द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि 9 बजे अभय समाज के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उन्हें माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सभी ने उनके जीवन के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया।

# वंचित समाज आरक्षित वर्ग में उपवर्गीकरण मांग का समता आंदोलन ने किया समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** वंचित आरक्षित समाज ने आरक्षित वर्ग उपवर्गीकरण मांग को लेकर विशाल रेली का आयोजन किया गया ।समता आंदोलन समिति भरतपुर के वेनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों ने रेली का लक्षण मंदिर चौक पर समता आंदोलन के पटके पहनाकर सम्मान व स्वागत किया गया व इनकी उपवर्गीकरण की मांग का पुरजोर समर्थन किया ।महेश वाल्मीक ने कहा कि 2019 में विधान सभा चुनाव में मेरा समता आंदोलन ने भरपूर समर्थन व सहयोग दिया। समता आंदोलन से उपवर्गीकरण में सहयोग की अपील की। समता आन्दोलन समिति हमेशा शोषित वंचित पीडित के कल्याण की बात करता है एवं इस वाजिब मांग का समर्थन करता है व समता आंदोलन का आरक्षित प्रकोष्ठ इस के लिए न्यायिक लड़ाई भी लड रहा है ।समता आंदोलन केन्द्र व राज्य सरकार से अपील करता है कि 1 अगस्त 2024 को सर्वोच्च न्यायालय के उपवर्गीकरण निर्णय के लागू कर शोषित वंचित पीडित को उनको न्याय प्रदान की मांग करता है। इस अवसर पर समता आंदोलन के संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल, जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, शहर अध्यक्ष सुनील कुमार बंसल, जिला सचिव दिलीप कुलश्रेष्ठ, शहर सचिव मनीष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष योगेश कुमार जैन, वरिष्ठ सदस्य



अशोक कुमार सारस,शुभनेश पाराशर,विष्णुदत्त शर्मा,अध्यक्ष व्यापार संघ दही वाली गली गोपाल राम सिंघल, सेवानिवृत्त भू-निरीक्षक व राजपूत समाज जिलाध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह, ब्राह्मण सभा के सदस्य पुष्पेन्द्र लवानियां, अशोक लवानियां ,नरेश चतुर्वेदी ,अजीत लवानियां ,कायस्थ समाज जिलाध्यक्ष कान्ति स्वरुप सक्सैना ,ओमप्रकाश शर्मा, नेमीचंद, अनिल गर्ग, राकेश शर्मा , मंगतू राम अनेक सामाजिक संगठनों के गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

# किसान सम्मेलन के मुख्य अतिथि का जगह-जगह किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** पानी व रोजगार के मुद्दों को लेकर रविवार को जयपुर से हलैना में किसान सम्मेलन के लिए आते समय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक का जिले की सीमा के गांव कमालपुरा से हलेना तक जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया । जिनका स्वागत जिले की सीमा गांव कमालपुरा पर किसान नेता हरि सिंह गुर्जर के नेतृत्व मे, उल्लूपुरा व बाछरैन मे पूर्व सरपंच के नेतृत्व मे, खेरली मोड़ पर भागचंद मीणा सहित अनेक किसानो द्वारा, छोकरवाड़ा मे जिला परिषद सदस्य कुंवर किशन सिंह पप्पू के नेतृत्व मे, गांव आमोली पर किसान नेता व पूर्व कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन प्रवीण बिजवारी के नेतत्व मे, आमोली टोल स्थित जय गुरुदेव होटल पर पूर्व डेयरी चेयरमैन फतेह सिंह फेंटा के नेतत्व मे किसान आंदोलन के मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया ।

# पौष बड़ा प्रसादी पाने के लिए उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** छौंकरवाड़ा मार्ग स्थित बाँके बिहारी कॉलोनी के बांके बिहारी जी मंदिर परिसर पर रविवार मंदिर महंत अशोक जोशी के सानिध्य मे मंदिर कमेटी एवं भक्त मंडल के सहयोग से पौष बडा प्रसादी का आयोजन किया गया। पौष बड़ा प्रसादी पाने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड पड़ी। श्री बांके बिहारी मंदिर कमेटी सदस्य शैलेश शर्मा ने बताया कि कमेटी सदस्यों,कॉलोनीवासी भक्त मंडल द्वारा बांके बिहारी जी प्रतिमा को डेढ़ क्विंटल दाल से निर्मित पकोड़े व 21 किलोग्राम सूजी से निर्मित हलवा का भोग लगाकर क्षेत्र में स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की कामना की गई। वही भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। प्रसादी पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही। इस मौके पर पुष्कर पाण्डेय, खुशीराम वैध, विनोद कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, पुष्पेन्द्र गुर्जर सुहारी, उदयसिंह चौधरी, नरेश अग्रवाल, शैला बाबा, कॉलोनीवासी आदि भक्तगणो का सहयोग रहा।

### जिला प्रभारी मंत्री ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

# विकास कार्य सरकार की मंशा अनुरूप तय समय में गुणवत्ता से पूरे हों : जिला प्रभारी मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी श्री सुरेश सिंह रावत ने रविवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में वर्षा जल संरक्षण एवं ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए 70 लाख रुपए की लागत से किये जा रहे कार्यों में एसपी ऑफिस कुंडा गहराईकरण कार्य का निरीक्षण किया जहां कुंड की गहराई के साथ चारों तरफ फुटपाथ एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे पानी संरक्षण के साथ आसपास जल भराव की समस्या दूर हो सकेगी। उन्होंने गिराई पुलिस लाइन के सामने सड़क विस्तारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य का भी अवलोकन किया बीडीए द्वारा 20 लाख की लागत से यहां इंटरलॉकिंग सड़क एवं सौंदर्यकरण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने घना के गेट से सलूजा अस्पताल तक सड़क के चौड़ाईकरण, डिवाइड निर्माण, रोड लाइट के साथ आदर्श सड़क निर्माण के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इसके पूरा होने से भरतपुर के नागरिकों को आदर्श सड़क का तोहफा मिलेगा वहीं इससे घना आने वाले पर्यटकों को शहर के ऐतिहासिक पुरा महत्व के स्थलों तक आवागमन सुगम होगी।

**घना में पानी की उपलब्धता के लिए प्लान बनाने के निर्देश :** जिला प्रभारी मंत्री ने भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण में 3.50 करोड़ की लागत से कराया जा रहे हैं विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने घना के गेट पर पर्यटकों को भरतपुर के ऐतिहासिक धार्मिक पुरामहत्व के स्थलों की जानकारी देने के लिए लगाई गई इलेक्ट्रॉनिक वॉल का अवलोकन कर इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे घाना आने वाले देसी-विदेशी पर्यटकों को भरतपुर के पर्यटक स्थलों की जानकारी सजीवता से मिल सकेगी।

उन्होंने घना में 8 किलोमीटर सड़क डामरीकरण, चौड़ाइकरण कार्य का अवलोकन किया तथा देशी विदेशी पर्यटकों के लिए विकसित की गई सुविधाओं को देखा। उन्होंने संपूर्ण क्षेत्र का भ्रमण कर घना के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य करने की बात दोहराई। उन्होंने निरीक्षण के दौरान वर्षा जल संरक्षण के लिए विस्तृत प्लान बनाने के निर्देश दिए जिसमें 100 बीघा से अधिक भूमि का जगह-जगह डिक्की बनाकर जल संरक्षण किया जा सके। इससे कम वर्षा के समय भी जीव-जन्तु, पक्षी एवं वनस्पति को जलापूर्ति की जा



सके। उन्होंने डूंगरी बांध से बांध बरेठा-सुजान गंगा की डीपीआर के कार्य की भी समीक्षा की तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को घना में वर्षा जल संरक्षण के साथ जल की निरंतर उपलब्धता के लिए प्लान बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव भरतपुर विकास प्राधिकरण के सचिव ऋषभ मंडल, निदेशक घना मानस सिंह, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन देवीसिंह बेनीवाल, अधिवक्ता मनोज भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**देशी-विदेशी पक्षियों को निहारा :** जिला प्रभारी मंत्री ने घना में देसी-विदेशी पक्षियों की अटेखेलियों को नजदीकी से देखा। झीलों में लबालब पानी एवं वनस्पति की उपलब्धता से बने टापुओं पर देसी विदेशी पक्षियों से गुंजायमान घना में हजारों पर्यटकों की उपस्थित को उन्होंने भरतपुर के लिए सुखद बताया।

# आरएसएस का निकला पथ संचलन, जगह-जगह हुआ स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** स्वामीविवेकानंद जयंती ,युवा दिवस के उपलक्ष्य में नगर में आरएसएस का पथ संचलन निकला। संचलन का सम्पत प्रात : 12 बजे नोढाणी खेल मैदान में हुआ जहाँ नगर सहित खण्ड के पूर्ण गणवेश धारि स्वयंसेवक उपस्थित हुए अलग अलग वाहिनियों में घोष की रचनाओं पर संचलन शुरू हुआ जो मात्रा रोड, तहसील रोड, उपखण्ड कार्यालय के सामने से शिव वाटिका कोलोनी, चामुंडा कॉलोनी, राजराजेश्वर रोड,पुराना बस्टेण्ड, केशवमन्दिर मार्ग,खेडा महोल्ला, चौमुखा ,मुख्य बाजार होता हुआ पुन: नोढाणी खेल मैंदान पहुचा जहाँ चित्तौड़ प्रान्त सह कार्यवाह नरेंद्र कंसोरिया का बौद्धिक हुआ कंसुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का अवसर हमने चुना जिसका प्रतिफल देश भक्त के रूप में देखा,संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है स्वयंसेवको के लिए समीक्षा करने का विषय है महापुरुष हमारे आदर्श है जिनके जीवन का त्याग और बलिदान हम अपने जीवन मे उतार कर जीते है,वही उद्बोधन में स्वामीविवेकानंद, गुरुगोविंद सिंह,अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त बने पँच परिवर्तन स्वत्व का जागरण,सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य के विषय मे विस्तार से बताया और कहा कि स्वामीविवेकानंद जो चाहते थे कि पूरा विश्व भारत माता के आगे नतमस्तक हो आज समय आने वाला है वही मंचासीन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मनीष जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा की यहाँ ऐसी शिक्षा दी जाती जिस से देश भक्ति,सेवा करना आदि गुण विराजमान हो जाते है यह गर्व की बात है संघ चालक प्रहलाद गौत्तम ने सभी का आभार प्रकट किया संचलन का जगह जगह सामजिक,राजनीतिक, व्यापारिक आम जन ने जगह जगह रंगोली बनाकर,स्वागत द्वार लगाकर, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद भवन जिला परिषद् चित्तौड़गढ़ में जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ौली के नेतृत्व में युवा साथियों के साथ मनाया गया कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व युवा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामलला प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर पौष बड़ा उत्सव आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** लाल बहादुर शास्त्री पार्क एवं गुरु अर्जन देव पार्क समिति द्वारा रामलला प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य पौष बड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शास्त्री नगर, दादाबाड़ी में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और समिति के सदस्य शामिल हुए।

## कार्यक्रम की शुरुआत और पूजा-अर्चना

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम दरबार की पूजा-अर्चना और रामलला की आरती से हुआ। समिति के अध्यक्ष योगेश भार्गव और अन्य महानुभावों ने विधि-विधान के साथ आरती संपन्न की। इसके पश्चात पौष बड़ा और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

इस अवसर पर सभी आयु वर्ग के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। बच्चों के लिए आयोजित क्रेब रेस में अंश, टिया और अद्वैत विजेता रहे। वहीं, 50 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सत्यवती विजवर्गीय और पंकज भारती ने जीत दर्ज की।

## विशिष्ट उपस्थिति

कार्यक्रम में संयोजक सुगन चंद गुप्ता, परसराम झामनानी, नागेश दाधीच, विवेक सक्सेना, और मोनिका नुवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## समापन और धन्यवाद ज्ञापन

कार्यक्रम के अंत में समिति के सचिव सत्येंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजना है, बल्कि सामूहिकता और सौहार्द को बढ़ावा देना भी है।

# रेलवे लाइनों के आसपास पतंगबाजी : जान का जोखिम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शत प्रतिशत ट्रेनों का कोटा रेल मंडल में संचालन हाई वोल्टेज के विधुत के तारों के माध्यम से होता है। इनमें 25000 वोल्ट का विधुत प्रवाह (करंट) बिजली के तारों में होता है, जिनमें 24 घंटे निरन्तर विधुत प्रवाह (करंट) चालू रहता है। यदि पतंग का मांझा इन बिजली के तारों में उलझ जाये तो करंट इस मांझे के गीले, मेटेलिक अथवा अन्य कारणों से सीधे पतंग उड़ाने वाले तक पहुंच कर खतरनाक व जानलेवा साबित हो सकता है। पूर्व में भारतीय रेल के तारों में पतंगबाजी के कारण इस तरह की कई घटनाये घटित हो चुकी है। मकर संक्राति के दौरान रेल प्रशासन सभी आमजनो को सजग करते हुए निवेदन करता है कि रेल लाइन के आस-पास पतंगबाजी से परहेज करें, ताकि किसी अनहोनी/जनहानि से बचा जा सकें। साथ ही पतंग व इसके मांझे के बिजली के तारों में उलझने से रेल संचालन में रूकावट व यात्री सेवा में होने वाली देरी से बचा जा सकें।

# ड्राइवर की कमजोर आँखे दुर्घटना का कारण : डीटीओ

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, 200 चालक, सहायक चालकों के नेत्रों की हुई जांच

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** परिवहन विभाग, बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान, टीम जीवनदाता, कोटा सड़क सुरक्षा समिति, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से रविवार को कडाके की सर्दी में भी सेवा कार्य किए गए और बड तिराहा प्राइवेट बस स्टेंड पर नेत्र जांच शिविर व पोष बड़े का आयोजन किया गया। कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शिविर प्राइवेट बस स्टैंड बड तिराहे पर लगाया जाएगा जिसके नेत्र परीक्षण के उपरान्त नि:शुल्क चश्मे बांटने का निर्णय लिया गया। शिविर में बस ऑपरेटर्स , बस मालिक , वर्कशॉप स्टाफ , मुसाफ़िर व आमजन के नेत्रों की जांच की गई और चश्मा लगाने के लिए कहा वहीं लोगों को समझाइश की गई की वह चश्मा पहनने को आदत बना ले नहीं तो आंखे ज्यादा कमजोर हो जाएगी । कमजोर होती आंखों के उपरांत मोतियाबिंद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस अवसर पर बस एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने पोष बड़े की भी व्यवस्था की जिसने बड़ी संख्या में यात्रियों, बस चालकों उपस्थित लोगो ने ठिठुरती सर्द में भरपूर आनंद लिया । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, संभागीय अध्यक्ष नोहशीन खान, महासचिव परवेज खान, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह हाड़ा, कोटा बस मालिक संघ कोटा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, महासचिव शकील मिर्जा व समस्त बस ऑपरेटर ने इस कार्य की सराहना करते हुए नियमित शिविर लगाए जाने की बात कही। नेत्रजांच शिविर में 200 बस चालक, सहायक चालक, मेकेनिक व अन्य लोगों की नेत्र जांच की गई। इस अवसर पर डीटीओ सुरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने कहा कि इस तरह के शिविर आगे भी लगाए जाएंगे ताकी दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

इस दौरान राय सिंह, वर्षा सिंघल, ने अपनी सेवाएं दी। मिश्रा ऑप्टिकल की ओर से निशुल्क चश्मा वितरण होगा। इस अवसर पर टीम जीवनदाता के नितिन मेहता, नमन, भव्या, डॉ. क्षिप्रा गुप्ता, अनिल गुप्ता, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अनिल गुप्ता , अध्यक्ष एके गुप्ता,



रजनी गुप्ता , ममता गुप्ता उपस्थित रहीं। इस शिविर में चयनित लोगो के मोतियाबिंद ऑपरेशन लायंस क्लब कोटा टेक्नो की ओर से आगामी माह में निशुल्क कराए जाएंगे।

# कदमताल एंव अनुशासन निकाला नैनवां में द्विधारा पंथ संचलन

## पुष्प वर्षा एंव स्वागतद्वार लगा कर किया लोगो ने शानदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( नि.स. )।** कदमताल,अनुशासन के साथ घोष की धुन के साथ नैनवां में द्विधारा पथ संचलन निकाला। स्वयंसेवक खाकी पेंट, सफेद शर्ट, काली टोपी, काले जूते और काली बेल्ट वाली वेशभूषा में पंक्तिबद्ध होकर गुजरे तो हर किसी के कदम रूक गये। अवसर था। कस्बे में रविवार को राष्ट्रीय स्वंमसेवक संघ खण्ड नैनवां की ओर से द्विधारा पथ संचलन का का। खण्ड संघ चालक नाथूलाल निर्मल ने बताया कि 12 बजे 2 बजे तक स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर रवीन्द्र बाल निकेतन विधालय प्रांगण में बौधिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वंम सेवको को बौधिक दिया गया। इसके बाद प्रथम संचलन देईपोल चैराहा से अम्बेडकर सर्किल,मुख्य बाजार होता हुआ उनियारा चैराहे पर पहुँचा।दूसरी ओर द्वितीय संचलन कीर्ति महाविधालय की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से पथ संचलन उनियारा चैराहे पर पहुँचा। उनियारा चैराहे पर प्रथम एंव द्वितीय पथ संचलन का संगम हुआ। यहां से संगम के बाद चुंगीनाका होते हुए कालबेलिया चैराहे से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचा। कस्बे के लोगो ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत- राष्ट्रीय



स्वंमसेवक संघ खण्ड नैनवां की ओर से निकाला गया द्विधारा पंथ सचलन का लोगो ने पुष्प वर्षा एंव स्वागत द्वार बना कर स्वागत किया गया। अनुशासन एंव कदमताल देखकर अभिभूत हुए लोग-सैकड़ो की संख्या में स्वंम सेवक जब अनुशासन एंव कदमताल के साथ पूर्ण गणवेश में मुख्य बाजार से गुजरे। मुख्य बाजार सहित प्रमुख चैराहे कर पंथ संचलन को देखकर लोग अभिभूत हुए। लोग हाथो में गुलाब के पुष्प लेकर स्वागत के लिए तैयार नजर आये। पंथ संचलन को लेकर पूरे कस्बे को केसरिया पताओ से सजाया गया। पंथसंचलन में पूरे ब्लॉक क्षेत्र के स्वंमसेवको ने भाग लिया। पंथ संचालन के आगे आगे स्वंमसेवको का बैंड की धुन के साथ सभी स्वंम सेवक कदमताल मिलाते हुए चल रहे थे। पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद- नैनवां में निकाला द्विधारा पंथ संचलन को लेकर डीएसपी,सीआई सहित पुलिस जाप्ता मुस्तैद रहा। पंथ संचलन के आगे आगे पुलिस जाप्ता चल रहा था।

# महासंघ भामसं ने विवेकानंद जयंती मनाकर युवा पखवाड़े की शुरुआत की



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** रविवार को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मेघवाहन सिंह के सानिध्य व जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित की अध्यक्षता में महासंघ ने विवेकानंद जयंती बनाकर युवा पखवाड़े की शुरुआत की । इस कार्यक्रम के अवसर पर रविंद्र वधवा पूर्व सांख्यिकी अधिकारी ने विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया । साथ ही कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने भी स्वामी के आदर्शों को स्मरण करते हुए छुआछूत को दूर करने व सामाजिक समरसता बनाए रखने पर प्रकाश डाला इस अवसर पर जिला महामंत्री सुदेश गौतम, संगठन मंत्री राम दत्त वैष्णव, कोषाध्यक्ष ऋषि राज कुमावत, जिला कार्यालय मंत्री राजकुमार बंसल, नर्सेज एसोसिएशन जिला अध्यक्ष रितेश सोनी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष दलजीत मीना, नर्सेज जिला मंत्री भरत शर्मा, नर्सेज उपाध्यक्ष देवराज गौतम, अब्दुल सलाम, कफिल अली, मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जलदाय कर्मचारी समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री महावीर वर्मा, के साथ ही महासंघ के अन्य संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# कोटा से लापता नीट की छात्रा दिल्ली में मिली : हॉस्टल से बिना बताए निकली थी, पुलिस कर रही पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** शहर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र के राजीव गांधी नगर इलाके से होस्टल से लापता हुई नाबालिग कोचिंग छात्रा को 6 दिनों के बाद कोटा पुलिस को दिल्ली में मिली। कोटा में मंगलवार से ही कोचिंग छात्रा लापता थी। हॉस्टल संचालक ने जवाहर नगर थाने में छात्रा की गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

## बिना बताए निकली थी

जवाहर नगर थाना अधिकारी बुद्धाराम चौधरी ने बताया कि मंगलवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उनके हॉस्टल में रहने वाली एक छात्रा जो बिहार के भागलपुर की रहने वाली है। वह किसी को भी बिना बताए लापता हो गई। तुरंत मामला दर्ज कर राजस्थान और राजस्थान के बाहर पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर भेजी। इलाकों के सीसीटीवी फुटेज रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए छात्रा तक पहुंचे।

## नीट की तैयारी कर रही

दिल्ली में हमारी टीम ने छात्रा को ढूंढ निकाला। टीम छात्रा को लेकर कोटा आ रही है। परिजनों को भी सूचित कर दिया है। वह भी कोटा आ रहे हैं। उसके बाद छात्रा की मनोचिकित्सक के जरिए काउंसलिंग करवाई जाएगी। जिसके बाद छात्रा को उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। नाबालिग छात्रा कोटा में पिछले डेढ़ साल से रह रही है और निजी कोचिंग से नीट की तैयारी कर रही है।

आखिरकार छात्रा हॉस्टल से बिना किसी को बताएं क्यों चली गई इसके बारे में भी पता किया जाएगा।

# प्रभात फेरियों के जिला सम्मेलन में आधा दर्जन जिले के पचास मंडलों ने भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के ग्राम माटुंदा जिला बूंदी में प्रभात फेरियों के जिला सम्मेलन में बूंदी कोटा बारां झालावाड़ भीलवाड़ा टोंक जिलों से प्रभातफेरी मंडलों के लगभग पचास मंडलों ने भाग लिया। प्रभातफेरी मण्डल साज बाज के साथ नाचते गाते संकीर्तन करते श्री लक्ष्मीनाथ मन्दिर से नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए संपूर्ण ग्राम की परिक्रमा में स्थान स्थान पर चाय दूध काजू किशमिश बादाम गुड़ काली मिर्च जलेबी कोफ्ता की स्टॉल लगाकर जलपान करवाया। हर्ष उमंग के साथ जुलुस लक्ष्मी नाथ मंदिर प्रांगण में धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गया जिसमें सभी मंडलों का दुपट्टा एक सौ रुपए श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री हरिबोल राधेरानी प्रभातफेरी मण्डल राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्री घनश्याम लाठी का दुपट्टा एवं साफा पहना कर स्वागत किया। संत श्री सुमन दास जी महाराज ने राम नाम की महिमा का बखान किया। गुरुद्वारा के ज्ञानी मोहनसिंह जी ने सनातन धर्म एवं राम नाम से भव तारण का मार्ग सुझाया। मण्डल के श्री नंदकिशोर जी माहेश्वरी के अथक प्रयास को सराहते हुए उनका अभिनंदन किया। श्री पुरुषोत्तम सैनी ने निमंत्रण पत्र से लेकर महाप्रसादी का कार्य एक सौ पचास कार्यकर्ताओं के साथ बखूबी निभाया। प्रदेशाध्यक्ष श्री लाठी ने जिले में अधिक से अधिक प्रभात फेरियां निकालने का आव्हान किया महिलाओं को बढ़चढकर हिस्सा लेने की सराहना की। मंच संचालन श्री शंभू जी राव ने किया।

# कोटा शहर में एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई लगातार जारी

## दो लोगों को किया गिरफ्तार, कब्जे से दो देसी कट्टे भी बरामद किए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** कोटा शहर में बढ़ते अपराधों को रोकने में जहां पिछले वर्ष शहर सपा अमृता दूहन द्वारा अपराधों में शहर में कमी के आंकड़े जारी किए थे वहीं नए साल में भी लगातार अपराध कम करने और पंजीकृत अपराधियों के लिए घर पकड़ का अभियान जारी है।

कोटा शहर सपा के निर्देशन में थाना उद्योग नगर ने कार्यवाही करते दो अलग-अलग स्थान पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो देसी कट्टे भी बरामद किए। पहले कार्यवाही करते हुए डीसीएम क्षेत्र के उम्मदगंज गाँव में पुलिस ने 24 वर्षीय लोकेश मीणा के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया। आरोपी पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज






किया गया। वही दूसरी कार्रवाई न्यू मोटर मार्केट के पास 19 वर्षीय रोहित कुमार जागा से एक अन्य देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी पर धारा 9/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। पुलिस दोनों मामलों में हथियारों की खरीद-फरोख्त की जांच कर रही है।

# नगर पालिका परिसर में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो द्वारा माल्यार्पण किया गया

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी ) ।** भाजपा नगर मंडल अंता द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष पर नगर पालिका में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो द्वारा माल्यार्पण किया गया। व नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।और आध्यात्मिक उन्नति के विषयों को जीवन में अपनाकर राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लिया रविवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती है. पूरा देश इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाता है. स्वामी विवेकानंद देश के युवाओं के साथ साथ सभी की प्रेरणा रहे हैं. उनके जीवन के किस्से भी लोगों को प्रेरित करते रहते हैं. ज्ञान की जिज्ञासा स्वामी विवेकानंद के अंदर शुरू से ही ईश्वर की खोज करने और उसे समझने की तीव्र लालसा थी. पिता की जल्दी मृत्यु और परिवार के गरीबी



में आने से वे व्यथित तो हुए थे. लेकिन आध्यात्म और धार्मिक दर्शन में जाने की राह कभी नहीं रुकी. सच्चे ज्ञान की तलाश में वे ब्रह्मसमाज से भी जुड़े थे. लेकिन वहां भी उनकी जिज्ञासा शांत नहीं हुई थी इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री भारत गालव,धनराज चौरसिया, पार्षद कुलदीप शाक्य,हेमंत नागर, कीर्ति मालव, जितेंद्र सुमन,नरेंद्र गोचर,नन्दकिशोर नायक, मुरली गहलोत,रामराज बाग्डी ,रवि शर्मा, चेतन नागर,महावीर वैष्णव, आशू सोनी, रिंकू गोचर ,सुरेंद्र गौतम ,रोहित राठौर,गिरिराज मालव, रामनारायण यादव,अक्षय सिंह,फरीद पठान, सुमित भटनागर ,चिराग गालव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अंता द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन, फरीद पठान होंगे अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता रविवार को को मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर साधारण मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे क्लब पधादिकारियो व सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से फरीद पठान (भाजपा नगर मंत्री ) को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष बनाया गया व जाहिद खान को सयोंजक बनाया गया क्लब अध्यक्ष अब्दुल चमन पठान ने बताया की प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी से 9 फरवरी तक किया जायेगा वही क्लब सचिव रियासत अली व काशिफ खान ने बताया की इस टूर्नामेंट मै लगभग राज्य की बेहतरीन टीमें भाग लेगी कस्बे में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी से सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम आयोजित की जा रही है कस्बे में लंबे समय के अंतराल के बाद प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है पूर्व में भी राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता हो चुकी हैं आयोजन समिति के संरक्षक जाहिद खान ने बताया कि राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता मैं दर्शकों को अच्छे-अच्छे मैच देखने को मिले ।



### भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देश में जिला धौलपुर में ताबड तोड़ कार्यवाही

# हथियारों के सिंडिकेट से जुड़े 8 लोग गिरफ्तार : 5 राज्यों से जुड़े गैंग के तार, इंग्लैंड मेड रिवॉल्वर सहित कई हथियार बरामद

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में पुलिस ने हथियारों के सिंडिकेट से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से एक इंग्लैंड मेड रिवॉल्वर 32 बोर सहित कई हथियार जब्त किए हैं। आरोपियों के तार बिहार, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश से जुड़े हैं। आरोपी इन राज्यों में हथियारों की सप्लाई करते थे। सिंडिकेट के सभी लोग बोलेरो और स्विफ्ट गाड़ी से आए थे। जिन गाड़ियों को जब्त किया गया हैं। पुलिस ने सभी को सदर थाना इलाके के मिलिट्री स्कूल के पास के जंगल से गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी मुनेश मीणा ने बताया कि रात के समय डीएसटी टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने हथियारों के सिंडिकेट की मिलिट्री स्कूल के जंगलों में होने की सूचना दी थी। सूचना पर सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा और एएसआई शिवकुमार के साथ सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।



पुलिस ने बोलेरो और स्विफ्ट गाड़ी में मौजूद सिंडिकेट से जुड़े आठ लोगों को दबोच लिया। अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने आए थे सभी थाना प्रभारी ने बताया कि हथियारों के सिंडिकेट से जुड़े सभी लोग अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने आए थे। पुलिस ने मौके से बोलेरो और स्विफ्ट गाड़ी को जब्त करने के साथ सिंडिकेट से जुड़े जयपुर ग्रामीण के जमवारामगढ़ थाना इलाके के चौमुखा की ढाडी निवासी सुनील (23) पुत्र रामफूल, राजेश (22) पुत्र रामजीलाल निवासी मनोहरपुर, महेश (22) पुत्र चोथूराम निवासी



निमडिया थाना जमवारामगढ़ और धौलपुर जिले के मोनू (23) पुत्र गोठियाराम निवासी कुरिगमा थाना नादनपुर, प्रशांत (22) पुत्र मलखान सिंह निवासी हांसई थाना कंचनपुर, अजय (22) पुत्र रामबाबू निवासी गजपुरा थाना बाड़ी सदर, देवेन्द्र (30) पुत्र गोपाल सिंह निवासी तिघरा थाना सदर, आशू (22) पुत्र सुरेश निवासी गजपुरा थाना बाड़ी सदर को गिरफ्तार किया है।

**इंग्लैंड मेड रिवॉल्वर बरामद :** थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सिंडिकेट के लोगों के पास एक इंग्लैंड मेड रिवॉल्वर 32 बोर, एक देसी कट्टा 12 बोर, एक पिस्टल 32 बोर, 24 कारतूस 12 बोर और 52 कारतूस 32 बोर जब्त किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही।

#### बिहार, पंजाब, हरियाणा और एमपी से जुड़े हैं गैंग के तार

सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सिंडिकेट के सदस्यों ने पूछताछ में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश और बिहार की गैंग को हथियार सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने जयपुर, दिल्ली, मोहाली, चंडीगढ़ तक हथियारों की तस्करी करने का खुलासा किया है। बड़ी लूट करने वाले बदमाशों तक पहुंचाते थे हथियार सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने हथियारों को खरीद कर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग को सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शहर में कई आयोजन

## शहर में निकाली स्कूली बच्चो ने रैली तो कायस्थ समाज ने किया कुल के दीपक को याद



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कई आयोजन हुए। स्कूली बच्चो ने जहाँ शहर में रैली निकाली और स्वामीजी को याद किया वही शहर के चित्र गुप्त सेवा समिति द्वारा अध्यक्ष अंचल माथुर के कार्यालय महाराज बाग गुरु की बगिया के पास कायस्थ शिरोमणि विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता अंचल माथुर ने की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उनकी जयंती के अवसर पर पूरे देश में युवा महोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर समाज के शशि कुमार कुलश्रेष्ठ,बबलू श्रीवास्तव,अचल माथुर,खेमचंद कुलश्रेष्ठ,शिव कुमार श्रीवास्तव,शिवा कुलश्रेष्ठ,कृष्ण कुमार कुलश्रेष्ठ,गिरीश कुलश्रेष्ठ, अजीत श्रीवास्तव,नरेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, बासुदेव, मुन्ने खान,अनुज कुमार, राजकुमार कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

**स्कूली बच्चों ने निकाली शहर में रैली, मनाया स्वामी जी का जन्मदिन :** वही दूसरी ओर शहर के विवेकानंद कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने शहर में विवेकानंद की जयंती पर रैली का आयोजन किया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रेलवे फाटक स्थित स्कूल पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान पूर्व पीएमओ डॉ शिवदयाल मंगल, सरोज मंगल,अनिल गोयल,राधेश्याम गर्ग के साथ स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण बंसल और निदेशक महावीर प्रसाद गोयल एवं अन्य शहर वासी मौजूद रहे।

**विद्यार्थी परिषद ने किया स्वामी जी को याद :** वहीं शहर के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान परिषद के पदाधिकारी ने स्कूल में मौजूद स्वामी जी की प्रतिमा को दुग्ध अभिषेक किया और स्वामी जी के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्य समिति सदस्य समरथ गुर्जर,छात्र संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुर्जर,नगर मंत्री अजय कंसाना,नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कौशल,नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गोस्वामी,प्रदीप कौशल,आकाश कंसाना,प्रशांत विधोलिया, लोकेंद्र,भोला,भानु सहित तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित

# नवनियुक्त कार्मिक स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को करें आत्मसात : जिला कलक्टर

#### जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद के टाउन हॉल में आयोजित, 172 कार्मिकों को सौंपे वेलकम किट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम जयपुर में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने बीते वर्ष में भर्ती प्रक्रियाओं में शुचिता स्थापित करने हेतु पुरजोर प्रयास किये हैं। पीएम श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस आत्मविश्वास से हुंकार भर रहा है, तो इसका सबसे बड़ा कारण हमारी युवा शक्ति है। युवाओं की आशा और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए चौथी बार रोजगार उत्सव का आयोजन हुआ। हमने सरकार बनते ही भर्ती माफियाओं के खिलाफ कदम उठाए। हमने पेपर लीक माफिया के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई। आज उस नेटवर्क को तोड़ने



का काम किया। भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती से युवाओं का विश्वास बहाल हुआ है। निष्पक्ष और पारदर्शिता से भर्तियां की जा रही हैं। युवाओं से किए गए वादे को पूरा किया है। पारदर्शिता पूर्ण भर्ती के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। चतुर्थ श्रेणी भर्ती की राह खुली है। नई नीतियों में युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी है। सरकार युवाओं के साथ है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने संपूर्ण प्रदेश के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। नगर परिषद टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने विभिन्न विभागों के नवनियुक्त 172 कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान किये। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद विधायक बाड़ी श्री जसवन्त सिंह गुर्जर ने नवनियुक्त कार्मिकों को कर्मयोगी की भांति लोकदायित्वों के निर्वहन का संदेश दिया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने उदबोधन में नवनियुक्त कार्मिकों को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को आत्मसात करने की सीख दी। उन्होंने स्वयं के अनुभव से बताते हुए कहा कि उन्होंने रामकृष्ण परमहंस मिशन के संस्थान से स्कूली शिक्षा अर्जित की। जिसने उनके विचारों को पोषित एवं परिष्कृत किया और सिविल सेवक बनकर कार्य करने की प्रेरणा दी। भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंन्द्र पाराशर ने नवनियुक्तों को लक्ष्य प्राप्ति तक न रुकने और सेवा निवृत्ति तक जनकल्याण की भावना से काम करने का संदेश दिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह, कोषाधिकारी संतोष मंगल, नवनियुक्त कार्मिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वाटर वर्क्स चौराहे की सिग्नल लाइट हुई सही, टाइमर में 4 सैकंड का समय बढ़ाया, ज़रूरत है 120 सैकंड की, वाहन चालकों को खटक रहा 14 सैकंड का बदलाव

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** वाटर वर्क्स चौराहे की ट्रैफिक सिग्नल लाइट ठीक हो गई है। जिससे दुर्घटना की संभावना कुछ कम हुई है। लाइटों को न सिर्फ ठीक किया, उनके टाइमर में भी समय सीमा को 10 सैकंड से बढ़ा कर 14 सैकंड कर दिया है। लेकिन महज 14 सैकंड का समय दोनों ओर से चौराहा पार करने के लिए मुफीद नहीं है। यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल का कहना है कि चौराहे पर स्थित ट्रैफिक सिग्नल लाइट के लिए रेड लाइट पर रूकने का समय 60 से 120 सैकंड और ग्रीन लाइट का समय 30 से 60 सैकेंड के बीच होना चाहिए। वाटर वर्क्स चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट के समय में 4 सैकंड की बढ़ोतरी कम है। इस



मुद्दे को रोड सेफ्टी की बैठक में भी उठाया गया था। जिस पर नगर परिषद ने ट्रैफिक लाइट का समय टेंडर लेने वाली फर्म से ठीक कराने का आश्वासन दिया है।गौरव पथ और मचकुंड मार्ग जाने वाले वाहनों की संख्या अधिक रहती है। ऐसे में दोनों ही ओर वाहनों कतार नजर आती है। साथ ही मचकुंड रोड पर नगर परिषद कार्यालय और कई हास्पिटल भी हैं। इस कारण वाहन चालकों का आवागमन दिन भर बना रहता है। ऐसे में चौराहा पार करने के लिए महज 14 सैकंड का समय बदलाव करना वाहन चालकों को खटक रहा है। चौराहे पर लगी ट्रैफिक लाइट का समय थोड़ा ओर बढ़ाना चाहिए। जबकि वाटर वर्क्स चौराहा सड़क हादसों की फहरिस्त के कारण ब्लैक स्पॉट्स की सूची में शामिल है। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाइवे 44 पर स्थित वाटर वर्क्स चौराहे से गौरव पथ और मचकुण्ड जाने के लिए लिंक रोड है। जो हाइवे के दोनों ओर है। चौराहे को पार कर वाहन चालक गौरव पथ और मचकुण्ड की ओर जा पाते है। लेकिन बीते दिनों एनएचएआई की धनराशि से नगर परिषद ने 20 दिसंबर को वाटर वर्क्स चौराहा पर नई ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगवाई थी। दैनिक भास्कर ने 3 जनवरी को मानक 120 सैकंड, लेकिन वाटरवर्क्स चौराहा की लाइट 45 सै. ही रहती है रेड नाम के शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर का प्रकाशन कर जनहित से जुड़े मुद्दे को उठाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने चौराहे पर ट्रैफिक लाइट लगाने वाली जयपुर की फर्म शिवा इलेक्ट्रिकल्स को लाइट ठीक करने के लिए नोटिस जारी कर पाबंद किया था।

### 5 अवैध निर्माण सीज, 48 घंटे का नोटिस, उसके बाद होगी कार्रवाई

## आयुक्त बोले- अनाधिकृत कॉलोनियों पर करेंगे कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शनिवार को नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा के नेतृत्व में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। जिसके तहत शहर के अलग-अलग हिस्सों में निर्माणाधीन भवन एक आवासीय एवं 4 कॉमर्शियल बिल्डिंगों पर सीज करने की कार्रवाई की गई। सुबह 12 बजे नगर परिषद की टीम पुलिस जाप्ते के साथ पैलेस मार्ग पर पहुंची। जहां पैलेस के सामने एक भवन स्वामी की जमीन का नगर परिषद की टीम ने निरीक्षण किया।

यहां भवन स्वामी द्वारा भवन की चारदीवारी के बाहरी क्षेत्र में टीन शेड के साथ ही बाउंड्रीवॉल खड़ी कर रखी थी। जिसे लेकर नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने भवन मालिक से कई सवाल जबाव किए। जिनका जबाव भवन मालिक ठीक नहीं दे पाया। आयुक्त ने भवन मालिक को जमीन से संबधित दस्तावेज 48 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने की मोहलत दी है। अगर दस्तावेजों से नगर परिषद संतुष्ट नहीं हुई, तो निर्माण को अवैध और कब्जा मानते हुए उक्त स्थान पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। इसके बाद नगर परिषद की टीम धूलकोट क्षेत्र में पहुंची। जहां पैलेस के नजदीक स्थित गैस एजेंसी के पास बन रहे एक अवैध मकान को नगर परिषद ने सीज किया। मकान के सभी निकास गेट पर ताले पर सीज मोहर कर सीज लगाई गई।

**बाड़ी रोड पर 4 कमर्शियल बिल्डिंग सीज :** नगर परिषद की टीम ने बाड़ी रोड पर भी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एक साथ 4 अवैध



निर्माणों को सीज करने की कार्रवाई की गई। नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि बाड़ी रोड पर हाई ब्रॉस कैफे के ऊपरी तल को टीम ने सीज कर बिल्डिंग पर नोटिस चस्पा किया है। इसके अलावा बाड़ी की ओर से धौलपुर की ओर जाने वाली रोड पर अवैध तरीके से बन रहे और स्वीकृत मानचित्र से विपरीत बन रहे तीन निर्माणों को भी सीज किया है। जिसमें दो निर्माण संस्कार कॉलोनी के पास है। नगर परिषद ने आज कुल 5 अवैध निर्माण सीज किए है।

## पुलिस में पेश होकर अपनी मां के साथ जा रही महिला पर पति और ससुराल वालों का हमला

### बोलेरो में सवार महिला के परिवार पर फिल्मी स्टाइल में फायरिंग, एक जख्मी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शनिवार को दिन में अपनी मां के साथ पीहर जा रही महिला पर पति और उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी। घटना में बोलेरो गाड़ी में बैठा एक युवक घायल हो गया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति उसे प्रताड़ित करता है। दूसरों पर झूठे दुष्कर्म के आरोप लगाकर पैसे वसूलता है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता है। मामला बसेड़ी थाना क्षेत्र के भारली गांव का है। घटना बसेड़ी रोड पर शनिवार को हुई। पीड़ित महिला इमला ने बताया कि उसकी शादी 10 साल पहले भारली गांव निवासी सुमेर गुर्जर से हुई थी। उसका पति दूसरों पर झूठे दुष्कर्म के आरोप लगवाकर पैसे वसूलता है। मेरे विरोध करने पर मारपीट करता है। परेशान होकर इमला 7 दिन पहले ससुराल से भाग गई और बाड़ी के विशिनिगिर बाबा मंदिर में रुकी। दो दिन बाद वह धौलपुर की भोगीराम कॉलोनी में अपनी मां के पास चली गई। इस दौरान आरोपी पति सुमेर ने बसेड़ी थाने में पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की पूछताछ के बाद इमला शनिवार को अपनी मां के साथ थाने पहुंची और पूरी घटना बताई। कोर्ट में पेश होने पर इमला ने पति के साथ न जाकर मां के साथ रहने की इच्छा जताई। पुलिस ने उसे बाड़ी रोड के टोल तक छोड़ा,जहां से वह अपनी मां और परिजनों के साथ बोलेरो में धौलपुर जा रही थी। इसी दौरान सुमेर और उसके



परिवार के लोगों ने हमला कर फायरिंग कर दी। जिसमें बोलेरो में सवेर इमला का भतीजा कृष्णा घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। कोतवाली पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

#### पीछा कर रहे पति और ससुराल वालों ने किया हमला

बसेड़ी पुलिस के जाते ही पीछा कर रहे पति सुमेर सिंह और ससुराल के करीब आधा दर्जन लोगों ने इमला की बोलेरो गाड़ी पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी की। जिसमें बोलेरो में बैठा इमला का भतीजा कृष्णा घायल हुआ है। जिसके कान के पास जख्म बताया गया है। इस दौरान चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर जब अन्य गाड़ियां रुक गई तो आरोपी भाग गए।

## टाइगर रिजर्व सेंचुरी के विरोध में डांग के बाबू मंदिर पर आयोजित हुई ग्रामीणों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** रविवार को डांग क्षेत्र में थूम के बाबू महाराज मंदिर पर टाईगर रिजर्व सेंचुरी को लेकर सर्व समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लालसिंह महाराज ने की। बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा धौलपुर-करौली क्षेत्र में बनाई जा रही टाइगर रिजर्व सेंचुरी बका विरोध किया गया। बैठक में सभी समाजों के धौलपुर-करौली के लोगो ने भाग लिया विधायक जसवंत सिंह गुर्जर भी बैठक में मौजूद रहे साथ में विदेशी पर्यटक भी मीटिंग का हिस्सा बने। बैठक के दौरान केंद्र सरकार द्वारा बनाई जा रही टाइगर रिजर्व सेंचुरी का विरोध किया गया और सभी ने अपने-अपने विचार रखें और आगामी 26 जनवरी को पंचायत स्तर पर ग्राम सभा में सेंचुरी न बनने के प्रस्ताव लेने के साथ सभी लोगों ने निर्णय किया के वन विभाग में जो प्राइवेट कर्मचारी लगे हुए हैं उनको विरोध करेंगे। कोई भी पंचायत के लोग वन विभाग में काम नहीं करेंगे और सभी लोगों ने वचन लिया कि हम पीछे नहीं हटेंगे चाहे हमें अपनी जान न्योछावर करनी पड़े।

## विवेकानंद जयंती पर एबीवीपी ने सीएचसी बसेड़ी में किए चाय बिस्कुट वितरित

### विवेकानंद जी दीन-हीन लोगों की सेवा को ही ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे- रवि गोयल

बढ़ता राजस्थान

बसेड़ी( नि .स .)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई बसेड़ी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसेड़ी में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा सप्ताह के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसेड़ी में भर्ती मरीजों व प्रसूताओं को चाय बिस्कुट वितरण किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी रवि गोयल दौपुरा वाले रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी रवि गोयल दौपुरा वालो ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे एक ऐसे महान संत थे जिनका हर कण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। विवेकानंद जी दीन-हीन लोगों की सेवा को ही ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे। एबीवीपी के सेवा कार्य को उत्कृष्ट कार्य बताया जिसका उद्देश्य जन जन में सेवा की भावना जागृत करना बताया।

नगर मंत्री पालवेन्द्र गुर्जर ने बताया कि 12 जनवरी को प्रत्येक वर्ष विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते है।

## सुदर्शन सेवा संस्थान ने मनाया रामोत्सव का प्रथम पाटोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** सुदर्शन सेवा संस्थान की ओर से चंदेरिया में स्थित गणेश चौक पर 501 दीपक प्रज्वलीत करके श्रीराम मंदिर का प्रथम पाटोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया। इसी के साथ चंदेरिया में स्थित खूंट का बालाजी मंदिर में 501 दीपक प्रज्वलीत करके श्रीराम स्तुति करके कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के संरक्षक मनोज शर्मा व अध्यक्ष अजय प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष सात दिवसीय रामोत्सव मनाया। उसी की श्रृंखला में इस वर्ष दीप प्रज्वलन कर उत्सव मनाया। कार्यक्रम के दौरान सचिव नितेश शर्मा, कोषाध्यक्ष ताराचंद हरनावा,उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल जायसवाल, प्रतीक शर्मा, अंश शर्मा, योगेश वाल्मीकि, शुभम मांझी, कुनाल शर्मा, धीरज गवारिया, आकाश प्रजापत, अर्जुन प्रजापत, तरुण शर्मा, प्रिंस जायसवाल, नकुल सिंह, राधे सिंह, सूर्य प्रकाश शर्मा, प्रभात सिंह, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केकड़ी में केशव विद्यापीठ कॉलेज की तीन छात्राओं को मिली स्कूटी



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी शहर के अजमेर रोड स्थित केशव विद्यापीठ कॉलेज की तीन मेधावी छात्राओं को राज्य सरकार की कालीबाई मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत स्कूटी प्रदान की गई। सरकार द्वारा यह योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने और मेघावी छात्राओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य मोनू शर्मा ने बताया कि बीएससी सेकंड ईयर में अध्ययनरत छात्रा राजू कंवर राजपूत, सोनू कंवर एवं मीनाक्षी मीणा का चयन 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंकों के आधार पर इस योजना के लिए किया गया। चयन के बाद तीनो छात्राओं ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य आवश्यक दस्तावेज अजमेर नोडल कार्यालय में जमा किए। छात्राओं को स्कूटी प्राप्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य मोनू शर्मा एवं संस्था के सचिव जय प्रकाश ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर व्याख्याता शिवराज कुमावत, विष्णु दत्त वैष्णव, विशाल सेन, महादेव माली, रमेश वैष्णव सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## असद मलिक राज अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राज अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रक्मा) के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद ने अपनी नवीन कार्यकारिणी में जिला शिक्षा अधिकारी एलीमेंट्री कार्यालय केकड़ी में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत असद मलिक को संघटन में प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया हैं। मालपुरा के मूल निवासी असद मलिक राजस्थान शिक्षा विभागीय सयुंक्त कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

## भारत विकास परिषद ने मनाई युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी द्वारा अजमेर रोड पर पंचायत समिति के पास स्थित पुराने डाक बंगले के परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर उनकी जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर परिषद के शाखा अध्यक्ष महेश मंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल के दौरान युवाओं को प्रेरित करने का कार्य किया। इसी कारण उनकी जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। इस दौरान परिषद के संरक्षक रामनरेश विजय, सचिव दिनेश वैष्णव, कोषाध्यक्ष भगवान माहेश्वरी, वरिष्ठ सदस्य महावीर पारीक, रामनिवास जैन, कैलाश चंद जैन, गोपाल लाल वर्मा, बहादुर सिंह शक्तावत, विमल कोठारी, अनिल राठी, सर्वेश विजय, नंदलाल गर्ग, रामगोपाल सैनी, सूर्य प्रकाश विजय, श्याम सुंदर माहेश्वरी, किशन प्रकाश सोनी, शिव बियानी, आदित्य उदयवाल, विनोद विजय, रामबाबू स्वर्णकार सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस सक्रियता से भैस चोर भैसों को छोड़ भागे

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** शनिवार - रविवार की रात्रि करीब 11.30 बजे धूतवाली हनुमानजी मंदिर के पास खेत पर सो रहे किसान मुन्ना पाण्डेय् को कमरे में बंद कर बहार से कमरे की कुंदी लगा कर पशुवाडे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 2 भैंसों को चोर ले गए मालिक को मालूम चलने पर गेट की कुंदी को कोशिश करके खोलने पर पाया कि 2 भैंस नही है जिसकी सूचना पुलिस थाना भुसावर व पुलिस थाना खेडलिमोड एवं पुलिस कंट्रोल रूम पर की। रात की गश्त कर रहे एएसआई कपूरचंद जी एवम एसएचओ खेडलिमोड रामनिवास द्वारा मोके पर पहुँच कर जानकारी ली । पुलिस के सक्रिय होने पर भय से चोरो ने दोनों भैसो को सेरकी जलाशय के पास नीबू की बगीची में पेड़ से बांध कर चोर भागने में सफल रहे ।

### जिले में विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअली हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

# दीया कुमारी ने ब्यावर से वर्चुअली जुड़कर जिले के 165 नवनियुक्त कर्मयोगियों को सौंपे वेलकम किट व नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती के अवसर पर उप मुख्यमंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री दिया कुमारी ब्यावर जिले से वर्चुअली राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती के अवसर पर 13 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया जा रहा है । आज के विशेष दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रोजगार उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं जिन्होंने युवाओं को उठो, जागो व अपने लक्ष्य तक पहुंचने का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य बनाने के लिए सरकारी व निजी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से राजस्थान प्रदेश जल्द ही विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनेगा । उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक क्षेत्रों में अवसर दिए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पहले बजट में युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया व भविष्य में भी राइजिंग राजस्थान समिट व बजट घोषणाओं द्वारा रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

**जिले के 165 नवनियुक्त कर्मयोगियों को सौंपे वेलकम किट व नियुक्ति पत्र**

उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री ने ब्यावर जिले के नवनियुक्त कर्मयोगियों को वेलकम किट के साथ नियुक्त पत्र वितरित किए। ब्यावर जिले में नवनियुक्त कुल 165 कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में ब्यावर जिले के समस्त नव नियुक्त कार्मिकों सहित संपूर्ण प्रदेश में कुल 13 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलने पर उन्हें बधाई प्रेषित की व राजकीय सेवा कार्य जिम्मेदारी से करने की शुभकामनाएं व संदेश दिया ।



**जिले में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल बटन दबाकर 30907 करोड़ रुपए कीमत के 76574 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

**उप मुख्यमंत्री का किया स्वागत अभिनंदन :** इस दौरान उप मुख्यमंत्री व ब्यावर जिले की प्रभारी मंत्री का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, विधायक शंकर सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती के अवसर पर उप मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर, स्थानीय विधायक व अन्य अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया।

**यह रहे मौजूद :** इस दौरान एडिशनल एसपी भूपेंद्र शर्मा, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, तहसीलदार हनुत रावत, कार्यक्रम के नोडल जिला कोषाधिकारी खुशालचंद साहू, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई अशोक तवर, विद्युत विभाग के एसई एमके सिंघल,सीएमएचओ संजय गहलोत सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## चतुर्थ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव : जिला स्तर पर इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में हुआ आयोजन

### जिले में 298 नियुक्ति कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरित, मुख्यमंत्री ने कपासन विधायक से किया सीधा संवाद

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को इन्दिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी वर्चुअल माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। जिला स्तरीय समारोह में 298 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंप गए, इनमें पुलिस विभाग में सर्वाधिक 125, चिकित्सा विभाग में 121 एवं शेष अन्य विभागों में भी नियुक्तियाँ मिली है। राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नव नियुक्त 13 हज़ार से अधिक कार्मिको को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनसे संवाद किया। इसके साथ ही लगभग 31 हज़ार करोड़ के 76 हज़ार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर से वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने विधायक से कपासन विधानसभा में हुए कामों के बारे में पूछा। इस पर विधायक ने बताया कि उनकी विधानसभा में 1000 करोड़ से अधिक के काम हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने बजट में विधानसभा को 450 करोड़ की सड़कों की सौगात दी है जिससे युवाओं, मजदूरों, किसानो, व्यापारियों को सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विधायक से कहा कि वे सभी काम ठीक प्रकार से करवाए ताकि विधानसभा के भाई बहनों, बुजुर्गों आदि को फायदा मिले। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने नव नियुक्त कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि रोजगार मिलना न केवल उस व्यक्ति बल्कि उसके परिवार के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने रोजगार के क्षेत्र में अनेक योजनाएं निकाली है जिससे राजस्थान के सभी युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर खुले है। उन्होंने नव नियुक्त कार्मिकों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बजट में रोजगार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाए की है। बजट में चित्तौड़गढ़ को भी बहुत कुछ दिया गया है। कार्यक्रम में जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी। इस दौरान ज़िला कलक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने नव नियुक्त सभी कार्मिकों से कहा कि वे पूरी निष्ठा और तत्परता से आमजन की समस्याओं को सुने और उन्हें राहत पहुंचाएं।



इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, जिला कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला, ओम प्रकाश शर्मा सहित अधिकारी एवं नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## सहकारिता मंत्री गौतम दक के ब्यावर पहुंचने पर दिवाकर संघ ने किया अभिनन्दन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक के ब्यावर आगमन पर जैन दिवाकर संघ के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। दिवाकर संघ ब्यावर के अध्यक्ष देवराज लोढ़ा ने बताया कि सहकारिता मंत्री गौतम दक जैन दिवाकर गुरु चौथमल जी म.सा. के परम भक्त हैं। गौतम दक का जुड़ाव सदैव ब्यावर के गुरु भक्तों से रहा हैं।

आज उनके ब्यावर आगमन पर सभी दिवाकर भक्तों द्वारा अजमेर रोड़ स्थित अरविंद कुमार, अरुण कुमार मुथा के ऑफिस पर उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया। संघ द्वारा आगामी 2 मार्च को जैन दिवाकरिय धर्म मुनि म. सा. के मुखारविंद से होने वाली धैर्य प्रभा म. सा. की सुशिष्या कोमल बहिन की होने वाली दीक्षा में पधारने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर दिवाकर संघ अध्यक्ष देवराज लोढ़ा, महामंत्री हेमन्त बाबेल, नोरत मल बाफ़ना, सम्पत राज छल्लानी, कपूर चन्द गादीया, चन्दूलाल कोठारी, पुष्पेंद्र बाबेल, दिलीप बाबेल, रतन मेहता, गौतम छल्लानी, अरविंद मुथा, अरुण मुथा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष दीपक बाफना, राजेश छल्लानी, सुनील संचेती, रितेश बाबेल, दीपक बोहरा, अनिल लोढ़ा, प्रतीक गादीया, रूपेश कोठारी, कुशल जैन, शुभम गुगलिया, राहुल जैन, सुप्रिया नागौरी, पंकज दक, लोकेश छल्लानी, ललित मकाना, संस्कार लोढा, नमित लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

## केकड़ी जिला अस्पताल व अरांई सीएससी में भी खुलेंगी आईडीएसपी लैब

### गम्भीर वायरल बीमारियों की जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा अजमेर

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर की माइक्रोबायलोजी, पैथोलॉजी, बायाकेमेस्ट्री सहित विभिन्न लैबों में लगातार बढ़ते जा रहे मरीजों की सैंपलिंग व जांच रिपोर्ट के दबाव के बाद अब चिकित्सा विभाग दो चरणों में ग्रामीण अंचलों में भी आईडीएसपी (समेकित रोग निगरानी परियोजना) की लैब खोलने जा रहा है। इसके तहत शीघ्र ही केकड़ी जिला अस्पताल व अरांई सीएससी में आईडीएसपी लैब खोली जाएगी। इस लैब में वह जांचें होगी जो सामान्य लैब में नहीं होती हैं। आईडीएसपी की इस लैब में कोविड, एचआईवी, स्वाइन फ्लू, डेंगू, हेपेटाइटिस सहित अन्य गंभीर वायरल फैलने वाली बीमारियों की जांचें की जाएंगी। अभी तक हेपेटाइटिस की भी सभी पांच प्रकार की जांचें जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में ही होती आई हैं। लैब खोलने की प्रक्रिया के पहले चरण में केकड़ी के जिला अस्पताल में इसे खोला जा रहा है। यहां इस लैब की स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है।

दूसरे चरण में ब्लॉक स्तर पर यह लैब खुलेगी, जिसमें सबसे पहले जिले के आखिरी गांव अरांई पंचायत समिति मुख्यालय पर आईडीएसपी की लैब खोले जाने का निर्णय लिया गया है। यहां पर तैयार हो रही सीएससी में इस लैब को संचालित किया जाएगा। केकड़ी जिला अस्पताल के प्रभारी नवीन जांगिड़ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सीएचसी, पीएचसी सहित जिला अस्पतालों से जांच के लिए मरीजों के सैंपल मेडिकल कॉलेज भेजे जाते हैं। वहां भेजने में एक व्यक्ति की ड्यूटी लगानी पड़ती है। समय और धन खर्च होने के साथ ही रिपोर्ट मिलने का इंतजार भी करना पड़ता है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह लैब खुलने से समय पर रिपोर्ट मिल सकेगी और अजमेर आने-जाने की मशक्कत से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि इन जांचों में हेपेटाइटिस की जांच ऐसी है, जिसमें सबसे ज्यादा दूषित खाने या पानी से बीमारी के लक्षण तलाशने होते हैं। जिससे यह रिपोर्ट अक्सर देरी से ही आती है।

आईडीएसपी लैब खुलने के बाद इस तरह की परेशानियां नहीं रहेगी। लैब के खुलने के बाद जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में जहां मरीजों का दबाव कम होगा, वहीं जिले के दर्जनों गांवों के मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। जांच के लिए उन्हें किराया लगाकर अजमेर नहीं आना पड़ेगा। उनकी जांच वहीं होने के साथ साथ समय पर जांच रिपोर्ट भी मिल जाया करेगी।

## राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की बैठक में आगामी प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन की सफलता को लेकर चर्चा की

### उपशाखा कपासन की नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया






बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत चित्तौड़गढ़ की बैठक रविवार को संघ जिलाध्यक्ष जयपाल बुरडक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।जिसमें संगठन के आगामी प्रान्तीय शैक्षिक सम्मेलन श्रीगंगानगर को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा तथा उपशाखा की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। शिक्षक संघ जिला मंत्री सुरेश कुमार ने बताया कि उक्त जिला बैठक में संगठन के प्रांतीय सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन किया गया ।प्रांतीय सम्मेलन में सीकर सांसद अमराराम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पूर्व सदस्य प्रो. योगेंद्र यादव, स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय महासचिव सीएन भारती सहित चितौड़गढ़ जिला क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉक से शिक्षक भाग लेंगे ।बैठक में मान सिंह को जिला संघर्ष समिति का सहसंयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला सभाध्यक्ष सुमेर सिंह,जिला संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी,जिला संघर्ष समिति संयोजक प्रदीप गढ़वाल, कार्यकारिणी कार्यकारिणी सदस्य रामसिंह, अरविंद मिश्रा यूडिसी, राजेंद्र यादव, शंकर चौधरी, प्रमोद जांगिड,राकेश वर्मा,चंदन चोरा, हीरालाल बैरवा,परमेश्वर दयाल जोया,दिनेश चौधरी, मुकेश मीणा,शंकर पिलानियां,मुकेश जाट ,सहीराम, अनिल पंचोली,सुमन प्रकाश, फारूक खान,राम सिंह ,राधेश्याम कुमावत, गोविंद यादव, सुधीर कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इधर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा कपासन कार्यकारिणी का रविवार को निर्वाचन अधिकारी विकास जांगिड व पर्यवेक्षक प्रदीप चौधरी की उपस्थिति में निर्विरोध निर्वाचन किया गया ।जिसमें उपशाखा अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, उपशाखा मंत्री राजेंद्र यादव,ब्लॉक सभाध्यक्ष हीरालाल बैरवा,कोषाध्यक्ष प्रमोद जांगिड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम कुमावत ,चंदन चोरा,उपाध्यक्ष मुकेश मीणा ,फारूक खान ,दिनेश चौधरी, ब्लॉक संघर्ष समिति संयोजक राकेश वर्मा,ब्लॉक संयुक्त मंत्री परमेश्वरदयाल जोया,मीडिया प्रवक्ता गोविंद यादव,कार्यकारिणी सदस्य शंकरलाल पिलानियां, सुधीर कुमार, साहीराम, सुमनप्रकाश सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। साथ ही नवनियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों का शपथ बाद स्वागत किया गया।

## सामूहिक संगम के साथ प्रभात फेरियों ने वेदपीठ पर मनाया रामोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** कल्याण नगरी निम्बाहेड़ा में शेषावतार कल्लाजी मंदिर परिसर में शनिवार को नगर की प्रमुख प्रभात फेरियां मंगला आरती में पहुंची। पौष शुक्ल द्वादशी को अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर सभी प्रभात फेरियों में भक्तों ने भजन, गीत पर झूम कर आनंद लिया। इस मौके पर भजन गायकों द्वारा अपने ही अंदाज में मेरी चौखट पर चलके आज प्रभु राम आए जैसे गीतों से भगवान राम और श्री कल्लाजी को रिझाते हुए रामोत्सव मनाया। प्रभात फेरी मंडल सेवक पंडित हनुमान प्रसाद शास्त्री ने बताया कि शनिवार को रामलला के मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर नगरवासियों के साथ भक्ति का अनूठा संगम बना। प्रभातफेरियो में नगर प्रभात फेरी मंडल,राधेराधे प्रभात फेरी, मां विंध्यवासनी प्रभात फेरी, महिला प्रभात फेरी और सत्यदेव प्रभात फेरी सहित अन्य प्रभात फेरिया श्री कल्लाजी मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने प्रभु राम और ठाकुर जी के गीतों से प्रभु को रिझाया।

**दो दिवसीय ज्योतिष परामर्श शिविर में 200 जातकों ने उठाया लाभ :** श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय एवं श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय ज्योतिष परमर्श शिविर का शनिवार को समापन हुआ।

दूसरे दिवस भी जातकों ने ज्योतिष परामर्श शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दूसरे दिवस जातकों की आवक बनी रहीं। जिसमें 100 से अधिक आगंतुकों ने ज्योतिष परामर्श शिविर का लाभ उठाया।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

# युवा दिवस पर 13 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरियों की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवा दिवस के अवसर पर रविवार को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में 13 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों एवं प्रदेशवासियों को लगभग 31 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, कोषाधिकारी कुलदीप मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरी शंकर मीणा, सहायक निदेशक कालूराम, नायब तहसीलदार विनोद शर्मा, जनप्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में सवाई माधोपुर जिले में चिकित्सा विभाग के 105, पुलिस के 3, कर्मयोगियों सहित कुल 279 कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने नवनियुक्त कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

**मुख्यमंत्री ने विधायक सांखला से किया संवाद :** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला से सीधा संवाद भी किया। विधायक सांखला ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पिछले बजट में की गई घोषणाएं अब धरातल पर उतर आई हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है और इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पूरे प्रदेश में खुशहाली का माहौल है। हमारे जिले में आपके द्वारा की गई घोषणाओं ने विकास कार्यों को बढ़ावा दिया है। आज सीएचसी अण्टाली का भी लोकार्पण किया गया। इसके लिए विधायक सांखला ने विधानसभा क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



**लगभग 31 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, पीएचईडी, कृषि, शिक्षा, पर्यटन, पंचायतीराज तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्य शामिल हैं।



# कैरियर-डे के रूप में मनाया स्वामी विवेकानंद का 162 वाँ जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के पीरजी का मोहल्ला स्थित श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति कार्यालय में रविवार को स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती को कैरियर डे के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ अध्यक्ष वैद्य भवानी शंकर शर्मा, सचिव सुनील कुमार शर्मा, निदेशक मोनू शर्मा, संगठन मंत्री महेश चंद सैनी, अशोक सोनी, नगरपालिका पार्षद आकाश अग्रवाल, महावीर पारीक, सन्तोष शर्मा, भीमर्या शर्मा, हरिश शर्मा के द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माला पहनाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्थान के अध्यक्ष वैद्य भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि अमेरिका के शिकागो में स्वामी विवेकानंद के भाषण को सुनकर विश्व से आए लोग इतने मंत्र मुक्त हो गए थे कि उन्होंने अपने निजी कार्यों को भूलकर उनके विचारों को सुना। संस्थान के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपना कोई ना कोई लक्ष्य जरूर होना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अनुसार किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। इस मौके पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत विभाग तथा नेहरू युवा केंद्र अलवर के जिला युवा अधिकारी पंकज यादव, कार्यक्रम प्रभारी तोताराम गुर्जर के निर्देशानुसार श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा 12 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया है।जिसमें एक पौधा विवेकानंद के नाम, स्वच्छता शिविर, ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, मोटिवेशनल सेमिनार, यातायात जागरूकता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है : रामसहाय वर्मा

## न्यायिक मजिस्ट्रेट में चयनित खुशबू कंवरिया का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अखिल भारतीय रैगर महासभा एवं रैगर अनुसूचित जाति उत्थान समिति के तत्वावधान में नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट में चयनित खुशबू कंवरिया का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। रैगर अनुसूचित जाति उत्थान सभा के महासभा के संरक्षक रामगोपाल सेवलिया व तहसील अध्यक्ष मास्टर मदनलाल वर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में नव वर्ष में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में समाज के पदाधिकारियों ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित खुशबू कंवरिया का सम्मान किया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित खुशबू कंवरिया को जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि यह खुशी की बात है कि समाज की बेटी ने समाज के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। सर्व समाज में महिला शिक्षा पर हमें विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। जिले में रैगर समाज से एक मात्र बेटी खुशबू ने अपने कठिन प्रयास से अपने सपनों को साकार किया है। समाज के भामाशाहों को शिक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित खुशबू ने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मेरी मां ने मुझे हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है। समाज में पढने वाली महिला शक्ति से आह्वान करती हूं कि अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहे। इस दौरान



समाज के प्रमुख भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शंकर हाथीवाल, अखिल भारतीय रैगर महासभा तहसील अध्यक्ष बाबूलाल कंवरिया, अखिल भारतीय रैगर महासभा देहात अध्यक्ष बबलेश, पार्षद संजय रैगर, रामगोपाल सेवलिया, अंकुर सालोदिया, मदनलाल, भागचंद रैगर, हीरालाल सालोदिया, डॉ धर्मेंद्र वर्मा व नारायण लाल सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

# एसी आरओ वॉटर एसोसिएट्स कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित

## राजू जाट अध्यक्ष व आलोक श्रीवास्तव संरक्षक, महासचिव बिल्लूराम सैनी नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** स्थानीय एसी आरओ वॉटर एसोसिएट्स कार्यकारिणी कि मीटिंग आलोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

एक साल का आय वव्य का बोरा दिया। पौषबड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजू जाट, संरक्षक पद पर आलोक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद पर मोनू कुमावत,महासचिव बिल्लूराम सैनी,सचिव सोमदत्त जांगिड़, कोषाध्यक्ष दिनेश सैनी,मिडिया प्रभारी विजय गेट,मत्री नवीन जांगिड़,सदस्य धोलाराम सैनी, महेंद्र सैनी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश गुर्जर,भवानी शंकर सैनी, फूलचंद बोयत, रामपाल सैनी बहरोड,कृष्ण कुमार सैनी, जितेंद्र कुमार सैनी, मनीष सैनी, भूपेंद्र कुमावत, विशाल सैनी, जितेंद्र कुमावत, जयसिंह कुमावत, मोनू प्रजापत, विजय शर्मा, कमलेश सैनी, हंसराज सैनी, भीम सिंह,सुगंन सैनी और महेंद्र प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने सोंपे नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र

## जिले के 230 नवनियुक्त कार्मिकों ने राज्य सरकार का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** जिला प्रभारी मंत्री श्री विजय सिंह चौधरी, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सोंपे, जिले के 230 नवनियुक्त कार्मिकों ने राज्य सरकार का आभार जताया । आज मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत कोटपूतली में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नए कार्मिकों से संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के 230 नवचयनित सरकारी कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। नवकार्मिकों को कार्यक्रम में वेलकम किट देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत रविवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के 13 हजार से अधिक नवचयनित सरकारी कार्मिकों से संवाद किया।कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष में हुए रोजगार उत्सव में राजस्व, उपनिवेशन, एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री श्री विजय सिंह चौधरी ने नवकार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए। जिला स्तरीय कार्यक्रम मे 230 से अधिक नवचयनित कार्मिक मौजूद रहे। इनमें वित्त विभाग से 119, चिकित्सा विभाग से 92, राजस्व विभाग से 07, शिक्षा विभाग से 10, संस्कृत शिक्षा से 02, आदि विभागों के कार्मिक शामिल रहे। नवकर्मिकों के पंजीकरण के लिए अलग से डेस्क स्थापित की गई तथा सभी कार्मिकों पंजीकरण के बाद उन्हें वेलकम किट दी गई। इस किट में मुख्यमंत्री का संदेश, लोकसेवक के कर्त्तव्य, दायित्व और अपेक्षाओं के वर्णन वाली पुस्तकें दी गईं।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार सहित कुल 10 लाख रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है।



इसी दिशा में राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ ही, कौशल और उद्यमिता विकास के माध्यम से संकल्प की सिद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**लगभग 31 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, पीएचईडी, कृषि, शिक्षा, पर्यटन, पंचायतीराज तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्य शामिल हैं।इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा, जिला कोषाधिकारी अशोक कुमार वर्मा, सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, जिला जनसंपर्क अधिकारी नितिन कुमार, डीओआईटी उपनिदेशक सुनील मीणा, कोटपूतली उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर में हुए विभिन्न कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

## रंगोली बना आतिशबाजी कर मनाया उत्सव

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** आमेट उपखंड मुख्यालय पर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न तरह के आयोजन किए गए। नगर वासियों द्वारा अपने घरों पर घी के दीपक जलाए गए वहीं विभिन्न मंदिरों में महिला मंडलों द्वारा कीर्तन किए गए । इसी कड़ी में आमेट के आराध्य भगवान जय सिंह श्याम मन्दिर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य रंगोली बनाकर 1111 दीपक जलाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष गंभीर सिंह राठौड़ ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनेक कार्यकर्ताओं ने अपना बलिदान देकर अयोध्या में बने श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाई । यह हम सभी के सौभाग्य का विषय बना जिसे इतिहास के पन्नों में सदैव याद किया जाएगा जिसके हम सभी साक्षी बने।

नगर वासियों ने जय श्री राम के जयघोषों से संपूर्ण परिसर गुंजायमान कर दिया। इसी के साथ भगवान जय सिंह शाह मंदिर में भगवान जय सिंह शाम को विभिन्न तरह के फूलों से बने मनमोहक बंगले में विराजमान करवाया गया । भगवान जय सिंह शाम को केसरिया वस्त्र पहनकर स्वर्ण रजत के आभूषणों से श्रृंगार करवाया गया। संपूर्ण मंदिर को आकर्षक विद्युत साज से सजाया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला प्रचारक सौरभ , जिला मंत्री पिंटू मेवाड़ा , जिला उपाध्यक्ष गंभीर सिंह राठौड़, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका पायल मेवाड़ा, जिला समरसता प्रमुख राजेंद्र दाधीच, नगर गोरक्षा प्रमुख दिनेश सुथार , बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख वैभव साहू , विश्व हिंदू परिषद जयसिंह श्याम खंड अध्यक्ष रमेश सेठ , विनोद सेठ, विश्व हिंदू परिषद प्रभात फेरी प्रमुख अर्जुन प्रजापत ,करण सिंह सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने गोबरधन परियोजना का किया वर्चुअल लोकार्पण

## 40 लाख की आई लागत, गौशाला को हर माह करीब एक लाख की होगी अतिरिक्त आय

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान सरकार के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गोबरधन परियोजना का जयपुर से वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, प्रधान अणछी देवी गुर्जर, उप प्रधान सज्जन सिंह सोलंकी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुमन अजमेरा, उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह रतनू, विकास अधिकारी पंचायत समिति आमेट गुलाब सिंह गुर्जर, सहायक विकास अधिकारी उगराज सिंह चुण्डावत, ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद दशोरा, समाजसेवी माधव लाल चौधरी, हजारी लाल गुर्जर, जिला परियोजना समन्वयक नाना लाल सालवी, खंड समन्वयक कुलजीत सिंह भाटी और अन्य पंचायत प्रतिनिधि तथा सैकड़ों आमजन उपस्थित थे।

यह परियोजना राजसमंद जिले की पहली पायलट परियोजना के रूप में सियाणा ग्राम पंचायत में स्थित श्री धेनु गोपाल गौशाला में स्थापित की गई है। गोबरधन



परियोजना के तहत यहां एक बायोगैस संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसकी परियोजना लागत 40 लाख रुपए है और इसकी क्षमता 35 टन है।


इस संयंत्र से गौशाला को लगभग एक लाख रुपये का मासिक लाभ होगा। 20 टन गोबर का उपयोग करके हर 10 से 15 दिन में गैस का उत्पादन किया जा सकेगा, जिसका उपयोग गौशाला में काम करने वाले 100 से अधिक लोगों के लिए भोजन बनाने और गोवंश के लिए दलिया तैयार करने में किया जाएगा।

इस परियोजना का उद्देश्य न केवल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर उत्पन्न करना भी है। गोबरधन परियोजना के सफल संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# घर में घुसकर युवती को जिंदा जलाने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा शहर के उद्योग नगर थाना अंतर्गत उम्मेदगंज गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पीड़ित रवीना ने बताया कि रविवार की रात वह घर में सोई हुई थी। घर में चार लोग घुसे उनके साथम कुल मिलाकर 6 या 7 लोगों के झुंड ने उस पर हमला किया एक व्यक्ति ने मुंह दबाया और अन्य ने उसके कंबल पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी । आग लगते ही वह लोग घर से भाग गए। मैं जोर-जोर से चिल्लाने लगी।





फिलहाल रवीना को एमबीएस कोटा के बर्न वार्ड में भर्ती कर दिया गया है। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू करदी है। वही रवीना की दादी विमलेश ने बताया कि मैं रात को चौकीदारी पर गई थी पीछे से फोन पर आई हमारी पुरानी लड़ाई चल रही है लेकिन इस तरह घर में घुसकर बिटिया को जलाने के बाद हमारा परिवार दहशत में आ गया है। प्रकरण दर्ज करके जांच की जा रही है अनुसंधान के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।



### इनका कहना

प्रकरण दर्ज कर लिया गया है अनुसंधान जारी है । मामले की घटना से जांच की जाएगी।

**जितेंद्र सिंह शेखावत**
**एसएचओ थाना, उद्योग नगर कोटा**

# भामाशाह के सहयोग से विद्यालय के बच्चों को वितरित की जर्सिया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले की सीमा के निकटवर्ती बूंदी के केशोरायलपाटन ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलनगंज में विद्यालय के सभी बच्चों को सर्दी को देखते हुऐ भामाशाह संजीव जैन गुड़ गांव के सहयोग से जर्सियां वितरित की गई। जर्सी वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीईईओ बाबई किशनगोपाल वर्मा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष सुरेश सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक श्रीमती हंसा जाट, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष किशनलाल मीणा एवं भैरूलाल मीणा उपस्थित रहे।



# मॉडल जेसिका लाल हत्याकांड

# एक पैग के लिए गोली मारी, 33 गवाह मुकरे; केस लड़ने वाली बहन सबरीना 3 साल पहले नहीं रहीं





**ये कहानी है दिल्ली की जानी-मानी मॉडल जेसिका लाल की। वही जेसिका लाल, जिनकी हत्या सिर्फ इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने एक रईसजादे को एक पैग शराब परोसने से इनकार कर दिया। वही जेसिका जिनके हत्याकांड पर 2011 में सुपरहिट फिल्म नो वन किल्ड जेसिका बनी थी। इस फिल्म का टाइटल ही जेसिका की कहानी बयां करता है। एक हाईप्रोफाइल क्लब में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में जेसिका को गोली मारी गई, लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी, हत्यारे को भागते देखा, लेकिन जब मामला कोर्ट तक पहुंचा तो 33 के 33 गवाह इससे मुकर गए। उनका कहना था कि जेसिका को मारा तो गया, लेकिन किसने मारा, ये नहीं पता। अगले दिन अखबार में खबर छपी 'नो वन किल्ड जेसिका'। ये लड़ाई लंबी चली। अदालत ने सभी को बरी कर दिया, लेकिन जेसिका की बहन सबरीना और देश की जनता ने हार नहीं मानी। आखिरकार 10 साल बाद जेसिका को इंसाफ मिला। कहा जाता है कि अगर जेसिका जिंदा होतीं, तो बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा होतीं, लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हो सका।**

आज अनसुनी दास्तान के 3 चैप्टर्स में पढ़िए हाईप्रोफाइल जेसिका लाल हत्याकांड की सिलसिलेवार कहानी-

5 जनवरी 1965 को जेसिका लाल का जन्म नई दिल्ली में हुआ था, जिन्हें घरवाले प्यार से शोना बोलते थे। जेसिका घर की बड़ी बेटी थीं। सबरीना उनसे छोटी थीं। बचपन से ही हीरोइन बनने का ख्वाब देखने वालीं जेसिका ने कम उम्र से ही मॉडलिंग की दुनिया में कदम रख दिया था। दिल्ली में मॉडलिंग करते हुए जेसिका ने अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। हालांकि जब-जब उन्हें पैसों की जरूरत पड़ती थी, तो वो कोई छोटे-मोटे काम कर कमाई कर लिया करती थीं।

मॉडलिंग करते हुए जेसिका की मुलाकात मालिनी रमानी से हुई। मालिनी भी मॉडल थीं, जिनकी मां बीना रमानी का महरौली, दिल्ली की कुतुब कोलोनेट हवेली में टैमरिंड कोर्ट नाम का रेस्टोरेंट था। मालिनी के पिता जॉर्ज मेलहॉट बड़े बिजनेसमैन थे।

बीना रमानी, हाईप्रोफाइल सोसाइटी का हिस्सा थीं, जो कभी शोमैन राज कपूर को राखी बांधती थीं और जीनत अमान जैसी कई बड़ी हस्तियां उनके फ्रैंड सर्कल का हिस्सा थीं।

मालिनी के पिता जॉर्ज मई 1999 में कनाडा शिफ्ट होने वाले थे, जिसके चलते उनकी मां ने 29 अप्रैल को एक हाईप्रोफाइल फेयरवेल पार्टी रखी थी। मालिनी जानती थीं कि जेसिका को काम की जरूरत है। ऐसे में जब उनकी मां बीना को खास पार्टी के लिए एक सुंदर दिखने वाली बार टेंडर की जरूरत पड़ी, तो मालिनी ने जेसिका को इस काम का ऑफर दे दिया। जेसिका एक्स्ट्रा इनकम के लिए खुशी-खुशी इस काम के लिए राजी हो गईं।

जेसिका सुबह अपनी बहन सबरीना के साथ घर से निकलीं। सबरीना ने उन्हें ड्रॉप किया। इस समय जेसिका ने उनसे कहा कि शाम को टैमरिंड आ जाना, दोनों मस्ती करेंगे। उस रोज जेसिका का दोस्त और मॉडल शयान मुंशी भी बार टेंडरिंग के काम के लिए उनके साथ आया था।

29 अप्रैल को टैमरिंड कोर्ट रेस्टोरेंट में रखी गई उस पार्टी में जेसिका का काम हाईप्रोफाइल गेस्ट्स को शराब सर्व करने का था, जबकि उस रेस्टोरेंट के पास शराब का लाइसेंस तक नहीं था।

वैसे तो नाम के लिए उस रोज टैमरिंड कोर्ट रेस्टोरेंट में प्राइवेट हाईप्रोफाइल पार्टी रखी गई थी, लेकिन कुछ गेस्ट ऐसे भी थे जो बिना इनविटेशन के वहां पहुंचे थे। बस शर्त ये थी कि उन्हें हाईप्रोफाइल होना चाहिए था।

इत्तफाक से उस रेस्टोरेंट में पहुंचा था हत्यारा सिद्धार्थ

सिद्धार्थ शर्मा, हरियाणा के मशहूर नेता विनोद शर्मा का बेटा है। विनोद शर्मा सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उनका बेटा सिद्धार्थ उर्फ मनु, पिता के पैसे और पावर से वाकिफ था। 29 मई को सिद्धार्थ को अपनी मां के साथ चंडीगढ़ निकलना था, लेकिन उसने चंडीगढ़ न जाकर दिल्ली में ही रुकने का फैसला किया। वो अपने दोस्तों के साथ दिल्ली की न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी की एक कोठी में रुका हुआ था। सभी ने जमकर शराब पी। अचानक देर रात उसे याद आया कि बुधवार को टैमरिंड कोर्ट रेस्टोरेंट में स्पेशल पार्टी होती है। उसने कार उठाई और 3 दोस्तों विकास यादव, अमरदीप गिल और आलोक खन्ना के साथ रात करीब 2 बजे पार्टी में पहुंच गया।

वैसे तो ये एक प्राइवेट पार्टी थी, लेकिन सिद्धार्थ फिर भी इसमें दाखिल हो गया। उसने बार टेंडर जेसिका लाल से शराब मांगी। पार्टी लगभग खत्म हो चुकी थी, तो जेसिका ने उसे शराब देने से इनकार कर दिया। ये देखकर उसने जेब से 1000 रुपए निकाले और जेसिका को देते हुए फिर शराब मांगी। जेसिका ने दोबारा भी इनकार कर दिया।

दोस्तों के सामने बेइज्जती होते देख सिद्धार्थ ने जेब से 22 कैलिबर की पिस्तौल निकाली और 3 हवाई फायरिंग की। पार्टी में शोरगुल इस कदर था कि वहां मौजूद गेस्ट चौकन्ने नहीं हुए।

सिद्धार्थ ने फिर जेसिका को धमकाते हुए शराब मांगी। हौंसले से मजबूत जेसिका ने गोलियां चलाए जाने के बाद भी शराब नहीं दी। जैसे ही उन्होंने तीसरी बार इनकार किया, सिद्धार्थ ने जेसिका के सिर पर गोली चला दी। जेसिका गोली लगते ही गिर पड़ीं, जिसे देखते ही उनके साथ मौजूद दोस्त शयान मुंशी ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। पार्टी में एकदम से सन्नाटा छा गया। खून से लथपथ जेसिका फर्श पर बेसुध पड़ी थीं।

ये देखकर रेस्टोरेंट की मालकिन बीना रमानी पहुंचीं और उन्होंने सिद्धार्थ से चिल्लाते हुए पूछा, तुम कौन हो? पार्टी में बंदूक लेकर कैसे आए?

जवाब में उसने कहा, मैंने गोली नहीं चलाई।

ये कहते ही वो अपने तीन दोस्तों के साथ भाग निकला। जेसिका को तुरंत नजदीकी अशलोक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां से उन्हें अपोलो हॉस्पिटल रेफर किया गया।

इसी दौरान जेसिका की बहन सबरीना को कॉल कर इत्तला दी गई कि उनकी बहन को अस्पताल ले जाया गया है। कुछ देर बाद कॉल पर कहा गया कि जेसिका को गोली लगी है। अपोलो हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जब इसकी खबर उनकी बहन सबरीना को मिली तो वो कुछ समझ ही नहीं सकीं।

वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ शर्मा ने महरौली में ही हथियार को जमीन में गाड़ दिया और फिर सभी गाजियाबाद स्थित विकास यादव के घर पहुंचे।

घटना की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पार्टी में मौजूद लगभग हर शख्स का बयान लिया गया। कई लोगों ने पुलिस पूछताछ में कहा कि उन्होंने सिद्धार्थ शर्मा को गोली चलाते और भागते देखा था। इस केस में अहम गवाही थी, जेसिका के दोस्त शयान मुंशी की, जो घटना के वक्त जेसिका के साथ खड़ा था।

उसने पुलिस बयान में सिद्धार्थ द्वारा गोली चलाए जाने की बात कही। पुलिस ने बयान दर्ज किया,



## जेसिका के दोस्त ने पुलिस से कहा कि उसने गोली चलते देखी

जेसिका का करीबी दोस्त और पार्टी में उनके साथ मौजूद शयान मुंशी ने रिपोर्ट दर्ज होने के दौरान बयान दर्ज करवाया था, वो केस में अहम चश्मदीद था। पुलिस बयान में उसने कहा कि सिद्धार्थ ने ही जेसिका को गोली मारी। पुलिस ने उसके बयान को लिखकर उसके हस्ताक्षर भी लिए।

जांच में मुख्य आरोपी सिद्धार्थ शर्मा और उसका परिवार फरार हो गया, जबकि उसके दो साथियों आलोक खन्ना और अमरदीप गिल को 4 मई को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी दिन रेस्टोरेंट की मालिक बीना रमानी, पति जॉर्ज मेलहॉट और उनकी बेटी मालिनी रमानी की गिरफ्तारी हुई। उन पर आरोप थे कि उन्होंने बिना लाइसेंस रेस्टोरेंट में शराब रखी और साथ ही जेसिका की हत्या के बाद फर्श से खून के दाग साफ करवाए।


इन आरोपों पर बीना रमानी ने टीवी शो आप की अदालत में कहा- जिस वक्त गोलियां चलीं मैंने आवाज सुनी और भागकर बाहर आई। जेसिका फर्श पर पड़ी थी और वहां मौजूद लोग एक शख्स की तरफ इशारा कर कह रहे थे कि उसने गोली चलाई है। सफेद टी-शर्ट और जींस पहना हुआ वो लड़का भाग रहा था। मैंने सबसे पुलिस को इत्तला देने को कहा और उसे भागने से रोका। वो लड़का मुझे धक्का देकर भाग गया तो मैंने पति जॉर्ज से उसका पीछा करने को कहा।

फिर हमने अशलोक अस्पताल में कॉल कर इसकी जानकारी दी। जब मैं घटना वाली जगह पहुंची तो स्टाफ ने जेसिका को टेबल क्लॉथ से लपेट दिया था। हम स्टाफ की मदद से उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। ऐसे में मैं खून क्यों साफ करवाती। जो लड़का जेसिका को अस्पताल ले गया था उसकी शर्ट पर भी खून के धब्बे लग गए थे। वो शर्ट भी हमने पुलिस के हवाले कर दी थी।

दिल्ली की अदालत ने बयानों के आधार पर और बीना के ब्रिटिश नागरिक होने, उनके पति को कनाडाई नागरिक होने और बेटी मालिनी रमानी को अमेरिकी होने पर जमानत दे दी, हालांकि उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए।

3 अगस्त 1999 को पुलिस ने मामले की चार्जशीट दाखिल की। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तो करीब 100 लोगों ने कोर्ट में गवाही दी, लेकिन किसी ने भी कोर्ट में सिद्धार्थ के खिलाफ बयान नहीं दिया। इस केस का अहम चश्मदीद और जेसिका का दोस्त शयान मुंशी भी बयान से मुकर गया। जब उससे कहा गया कि पूछताछ के दौरान उसने सिद्धार्थ के खिलाफ बयान दिया था, तो उसने जवाब में कहा कि उसे हिंदी नहीं आती। पुलिस ने बयान हिंदी में लिखकर साइन लिए थे, उसे नहीं पता कि बयान में क्या लिखा था। साथ ही उसने कहा कि सिद्धार्थ ने गोली हवा में चलाई, जेसिका पर किसी और ने गोली चलाई। फोरेंसिक रिपोर्ट में भी सामने आया कि गोलियां दो अलग-अलग रिवॉल्वर से चली थीं।

## जेसिका लाल हत्याकांड पर बनी




**फिल्म**
नो वन किल्ड जेसिका (2011

**किरदार**
विद्या बालन- सबरीना

रानी मुखर्जी
मीरा (जर्नलिस्ट)

मायरा कर्णी- जेसिका

जीशान अय्यूब
मनीष (आरोपी)

### 6 साल चला केस, कोर्ट ने सभी आरोपियों को रिहा किया

दिल्ली ट्रायल कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- दिल्ली पुलिस जेसिका लाल की हत्या में इस्तेमाल हथियार को ढूंढने में नाकाम रही। वो सिद्धार्थ के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर पाई। गवाहों और सबूतों की कमी के चलते अदालत सभी अभियुक्तों को बरी करती है। कोर्ट से नतीजा आने के अगले दिन अखबारों में खबर छपी- नो वन किल्ड जेसिका।

जनता में आक्रोश था कि कैसे ओपन एंड शट केस होने के बावजूद सभी को बरी कर दिया गया। पूरे देश में फैसले के खिलाफ प्रदर्शन हुए, लोग सड़कों पर उतर आए और कई जगह न्याय न मिलने पर धरना दिया गया। इस केस में इंडियन मीडिया का भी अहम योगदान रहा। एनडीटीवी, हिंदुस्तान टाइम्स जैसे कई चैनल्स ने पब्लिक पोल किए और केस री-ओपन कराने के लिए पब्लिक ओपिनियन और पोल को बढ़ावा दिया। ज्यादातर पोल्स में जनता ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और केस दोबारा शुरू करने की मांग की। चैनल्स के पास इस तरह के 2 लाख से ज्यादा मैसेज थे। चैनल्स ने इन्हें राष्ट्रपति तक पहुंचाया। जनता के आक्रोश के बाद 18 अप्रैल 2006 को न्यायमूर्ति मनमोहन सरीन और न्यायमूर्ति जे.एम. मलिक की बेंच ने मनु शर्मा को 1 लाख रुपए की जमानत पर रिहा कर दिया। साथ ही उन्होंने दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाते हुए आग्रह किया कि केस रीओपन कर कम से कम समय में फैसला दिया जाए।

### स्टिंग ऑपरेशन में सामने आया, गवाहों ने पैसे लेकर बयान बदले

9 सितंबर 2006 को समाचार पत्रिका तहलका ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया, जिसे स्टार न्यूज में दिखाया गया। इसमें कई गवाहों को ये कहते सुना गया कि उन्हें पैसे देकर और दबाव बनाकर बयान बदलने को कहा गया था। गवाहों को लाखों रुपए मिले थे। सामने आया कि नेता विनोद शर्मा ने बेटे को बचाने के लिए सभी को पैसे दिए। स्टिंग सामने आते ही विनोद शर्मा ने हरियाणा मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। तहलका मैगजीन ने ही अहम चश्मदीद शयान मुंशी का भी स्टिंग किया। इस दौरान स्टिंग करने वाला पत्रकार फिल्म इंडस्ट्री का कास्टिंग मैनेजर बनकर उनके पास पहुंचा। जब पत्रकार ने कहा कि ये हिंदी फिल्म होगी, लेकिन आपको हिंदी नहीं आती, तो शयान ने फटाफट हिंदी के कई डायलॉग सुना दिए, जबकि कोर्ट में उसने कहा था कि उसे हिंदी नहीं आती। जनता और मीडिया के दबाव में केस को दोबारा ओपन किया गया।

ज्यादातर लोग आसानी से मिली हुई चीजो की कद्र नहीं करते, और फिर बाद में खो देते हैं।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# प्रदेश के 3 संभागों में फिर होगी बारिश

## कोहरे के चलते हवा में चक्कर लगाती रही फ्लाइट्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में रविवार को घना कोहरा छाया। जयपुर समेत कई शहरों में विजिबिलिटी 30 मीटर से कम रही। जोधपुर एयरपोर्ट पर कोहरे के चलते 3 फ्लाइट लैंड नहीं कर पाई। तीनों फ्लाइट 45 मिनट तक हवा में चक्कर लगाती रही। इसके बाद अहमदाबाद-जोधपुर की फ्लाइट 6ई 7074 और दिल्ली-जोधपुर की फ्लाइट 6ई 2411 को जोधपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। जबकि बेंगलुरु-जोधपुर फ्लाइट 6ई6032 को अहमदाबाद डायवर्ट कर किया। कोहरे के साथ ही 6 जिलों में कोल्ड वेव का भी असर रहा। हिल स्टेशन माउंट आबू में शीतलहर का दौर जारी है। यहां न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं, गुरु शिखर पर आज तापमान माइनस 2 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान मैदानी इलाकों में ओस की बूंदें जमीं नजर आईं।

### चूरू में 12 डिग्री रहा अधिकतम तापमान

प्रदेश में रविवार को सबसे ठंडा दिन चूरू जिले में रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। जयपुर में अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री, सीकर में 12.5, पिलानी में 13.2, जैसलमेर में 18, जोधपुर 19.6, कोटा में 15.4, अजमेर में 18.5, उदयपुर में 22.7, गंगानगर में 15.8 और बीकानेर में अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने 15 जनवरी से एक और नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना जताई है। जिसके प्रभाव से उदयपुर, कोटा के अलावा जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छाने और कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो जयपुर, बीकानेर, अजमेर, जोधपुर, भरतपुर



और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। जोधपुर, नागौर, फलौदी के आसपास कई जगह ओले गिरे। मौसम के इस बदलाव से शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

# बीजापुर में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, पांच नक्सली ढेर

बढ़ता राजस्थान



**बीजापुर (एजेंसी)।** बीजापुर एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ स्थल से हथियार, विस्फोटक और स्वचालित हथियार समेत नक्सली सामग्री बरामद की गई है। एक एसएलआर राइफल, 12 बोर राइफल, सिंगल शॉट राइफल और बीजीएल लांचर बरामद किए गए हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है नेशनल पार्क इलाके में बंदेपारा के जंगलो में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। जिमसें दो महिला नक्सली समेत पांच नक्सलियों को मार गिराया है।

बड़े लीडरो का सफाया करने पुलिस को सफलता मिल रही हैं हार्डकोर नक्सली नागेश फिर उसकि पत्नी मनीला और अब उसी इलाके में पुलिस नें पाँच नक्सलियों को मार गिराया हैं। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव नें बताया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में शनिवार को बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया थाना मद्देड़ के बंदेपारा-कोरंजेड के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बल की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना कि गई थी।

अभियान के दौरान रविवार कि सुबह से बंदेपारा-कोरंजेड़ के जंगल में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ होती रही जो शाम 3 से चार बजे तक चली।

# महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत के साथ खत्म हुई शरद पवार की विश्वासघात की राजनीति : शाह

बढ़ता राजस्थान

**महाराष्ट्र (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी की दिग्गज नेता अमित शाह रविवार को महाराष्ट्र के शिरडी में भाजपा सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे, जहां उन्होंने अनुभवी राजनेता शरद पवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शरद पवार पर 1978 से महाराष्ट्र के अंदर विश्वासघात की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी इस राजनीति को हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत ने खत्म कर दिया है। शिरडी में राज्य भाजपा सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में वंशवाद और विश्वासघात की राजनीति को खारिज करके राकांपा (एसपी) के प्रमुख पवार और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी।

गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली, पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में कांग्रेस और सहयोगियों के बीच मतभेदों का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि विपक्षी इंडिया ब्लॉक का पतन शुरू हो गया है।



### शरद पवार की राजनीति को लोगों ने किया खारिज

उन्होंने कहा कि शरद पवार ने 1978 में महाराष्ट्र में दगा-फटका (विश्वासघात और विश्वासघात) की राजनीति शुरू की, जिसे 2024 (चुनाव) में लोगों ने खारिज कर दिया। इसी तरह वंशवाद की राजनीति और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को भी लोगों ने खारिज कर दिया। 2024 के चुनावों में पवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी।

### दिल्ली चुनाव में जीतेंगी बीजेपी

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत के लंबे वक्त तक परिणाम होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जीत ने इंडिया गठबंधन के आत्मविश्वास को तोड़ दिया है। भाजपा अगले महीने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी।

# देश की नौकरशाही कोई भी बदलाव ला सकती है, बशर्ते उसका नेतृत्व सही कार्यपालिका करे : उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि, मानव संसाधन की अपरिहार्यता एक मिथक है। यह विचार कि आपके बिना चीजें काम नहीं कर सकतीं सत्य नहीं है। ईश्वर ने आपकी दीर्घायु की सीमा पहले ही निर्धारित कर दी है। इसलिए, उन्होंने यह भी तय कर दिया है कि आप अपरिहार्य नहीं हो सकते। युवाओं से स्वयं पर विश्वास करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, ...स्वयं पर विश्वास रखें। कोई भी जीवित प्राणी तब तक आपके सम्मान का हकदार नहीं है, जब तक आप उनमें कोई गुण न देखें। चापलूस या पाखंडी बनने की इच्छा कभी नहीं होनी चाहिए। हमें अपने सोचने के तरीके की सराहना करनी चाहिए। हो सकता है कि हम सही हों, हो सकता है कि हम गलत हों। हमेशा दूसरे के




दृष्टिकोण को सुनें। यह सोचकर निर्णयात्मक न बनें कि आप अकेले ही सही हैं। हो सकता है कि आपको सुधार की आवश्यकता हो। हो सकता है कि दूसरे के दृष्टिकोण से आपको पता चले कि क्या हो सकता है। गुरुग्राम में मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने कहा, यह हमारे देश में एक बहुत ही सरल चीज है।

हम बहुत जल्दी किसी को आदर्श मान लेते हैं और उसे किसी का प्रतीक बना देते हैं और हम कभी अपने से नहीं पूछते कि वह एक महान वकील क्यों हैं, वह एक महान नेता क्यों हैं, वह एक महान डॉक्टर क्यों हैं, वह एक महान पत्रकार क्यों हैं। हम बस यह मान लेते हैं कि यह है...आपको सवाल पूछना चाहिए, क्यों एक समय था, जब कौन व्यापार करता था व्यापारिक परिवार थे, व्यापारिक खानदान थे, उनके गढ़ थे, केवल वे ही इसे करते थे, ठीक वैसे ही जैसे सामंती प्रभु शासन करते थे। लोकतंत्र ने राजनीति को लोकतांत्रिक बनाया। अब, आप देश के आर्थिक, औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यावसायिक परिदृश्य का लोकतंत्रीकरण करने जा रहे हैं।

## बिड़ला ऑडिटोरियम में रोजगार उत्सव, लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

## कौशल और उद्यमिता विकास से युवा बना आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ने 30 हजार 907 करोड़ के 76 हजार 574 कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार कर रही है। साथ ही, युवाओं में कौशल और उद्यमिता का विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है, जिससे वे विकसित राजस्थान के लक्ष्य में अपना सक्रिय योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने और सरल बनाने के लिए कई नीतिगत निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित चतुर्थ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक होने के साथ ही परिवर्तन की लाभार्थी भी है। युवाओं को यह तय करने का अधिकार है कि विकसित भारत कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। 1893 में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज हमारे प्रधानमंत्री उनकी बात को चरितार्थ कर रहे हैं।

### असफलता मजबूरी नहीं, मजबूती

शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र को राह दिखाने का कार्य किया और देश में अध्यात्म और संस्कृति को बढ़ावा दिया। आज देश उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। यह दिन हर युवा के लिए नई प्रेरणा और नए संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का युवाओं को संदेश था कि असफलता स्वाभाविक है। यदि आप एक हजार बार भी असफल होते हो तो एक बार फिर प्रयत्न करो। मुख्यमंत्री ने कहा असफलता मजबूरी नहीं मजबूती होती है।

### पेपरलीक पर सख्त कार्रवाई से युवाओं को मिला न्याय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला माहौल तैयार किया है। राज्य में पारदर्शिता से भर्तियां हो रही हैं और परिश्रमी एवं योग्य युवा तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक की घटनाओं और समय पर परीक्षाओं का आयोजन नहीं होने से युवाओं के साथ अन्याय हुआ। लेकिन हमारी सरकार ने एसआईटी का गठन कर पेपरलीक माफिया पर सख्त कार्रवाई की। यह लड़ाई सिर्फ एक सुधार की नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की है। हम युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### 13 हजार 500 से अधिक युवाओं को मिली नियुक्तियां

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने और सरल बनाने के लिए कई नीतिगत फैसले लिए हैं। समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) के क्वालिफाई अंक समस्त श्रेणियों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत और एससी-एसटी के लिए 35 प्रतिशत कर दिए हैं। अब संबंधित विभाग ही दस्तावेज सत्यापन संबंधी कार्य संपादित करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 47 हजार सरकारी नियुक्तियां दी हैं। आज ही 13 हजार 500 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं। इसके अतिरिक्त 15 हजार नियुक्तियां भी प्रक्रियाधीन हैं। हम न्यायालय में लंबित भर्तियों के संबंध में भी प्रभावी पैरवी करवाकर जल्द से जल्द उन्हें आगे बढ़ाएंगे।

### पूर्ववर्ती सरकार की निष्क्रियता से बढ़ा बैकलॉग

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने 81 हजार पदों के लिए भर्ती परीक्षा का कैलेंडर घोषित किया है। इनमें से 50 हजार से अधिक पदों पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती होगी। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में वैकेंसी का बैकलॉग इसलिए बना क्योंकि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती निकालने के मामले में पूर्ववर्ती सरकार निष्क्रिय रही।

### खनन नीति से सृजित होंगे एक करोड़ रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नई खनन नीति के माध्यम से एक करोड़ नौकरियों के सृजन का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही, हम पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में भी हजारों नई नौकरियों के अवसर सृजित कर रहे हैं। राजस्थान इस समय प्रगति के स्वर्णिम दौर में है और यह हमारे युवाओं की शक्ति से तेजी से बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि आज लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की लागत के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इनमें 20 हजार 320 करोड़ रुपये के 15 हजार 184 कार्यों का शिलान्यास तथा 10 हजार 587 करोड़ रुपये के 61 हजार 390 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

### मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त कार्मिकों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने इस दौरान वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने बाड़मेर से चंपाराम, प्रतापगढ़ से कुसुमलता मीणा, भरतपुर से शोभित शर्मा, बारां से कृष्णा कुमारी तथा अलवर से प्रमोद कुमार सहित अन्य कार्मिकों से नियुक्ति मिलने के बाद के अनुभव जाने। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के संदर्भ में विधायकों से भी चर्चा की।

## बिहार बंद में तोड़फोड़ के लिए पप्पू यादव पर एफआईआर : 15 उपद्रवी डिटेन; पटना में जबरन दुकानें बंद कराई थी, कटिहार में राहगीर से मारपीट

**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने बीपीएससी 70वीं पीटी की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आज यानी रविवार (12 जनवरी) को बिहार बंद बुलाया। जिसका असर पटना, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा , कटिहार समेत कई जिलों में देखने को मिला। बिहार बंद के दौरान तोड़फोड़ करने के आरोप में सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। साथ ही 15 उपद्रवियों को डिटेन किया गया है।

पटना में सुबह 10 बजे के करीब अशोक राजपथ पर छात्र युवा शक्ति संगठन के सदस्यों ने बीपीएससी री-एग्जाम को लेकर प्रदर्शन किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com